- विद्युत चुम्बकीय विकिरण को मापने के लिए प्रयुक्त उपकरण - फोटोमीटर
- भूकंप का पता लगाने और उसे रिकॉर्ड करने के लिए प्रयोग किया जाने वाला उपकरण है - सिस्मोग्राफ
- वह उपकरण जो समय के साथ बैरोमीटर के दबाव को ग्राफ़िकल रूप में रिकॉर्ड करता है, कहलाता है - बैरोग्राफ़
- कैलोरी और जूल मात्रक हैं - ऊर्जा के
- हाइड्रोमीटर का उपयोग किया जाता है - वातावरण की सापेक्ष आर्द्रता मापने के लिए
- ईंधन के कैलोरी मान की इकाई को व्यक्त किया जाता है - kJ/kg के रूप में
- अवशोषित या विकसित ऊष्मा को मापने के लिए उपयोग किया जाने वाला उपकरण है - कैलोरीमीटर
- विद्युत वाहक बल मापने के लिए प्रयुक्त उपकरण - पोटेंशियोमीटर
- पत्तेदार अंकुर में पानी की मात्रा को मापने का उपकरण - पोटोमीटर
- एक यादृच्छिक द्वि-आयामी आकार का क्षेत्रफल निर्धारित करने के लिए उपयोग किया जाने वाला उपकरण है - प्लैटोमीटर
- पारसेक इकाई है - लंबाई की
- तनाव का SI मात्रक है - पास्कल
- 1 पाउंड लगभग बराबर होता है - 453.59 ग्राम के
- चमकदार तीव्रता का SI मात्रक है - कंडेला
- आयतन का SI व्युत्पन्न मात्रक है - घन मीटर (m^3)
- आकाशीय परिस्थितियों के कारण तापमान में होने वाले उतार-चढ़ाव को मापने के लिए उपयोग किये जाने वाला उपकरण है - एथ्रियोस्कोप
- किसी पदार्थ के संचालन का मात्रक है - म्हो (mho)
- एक कैलोरी ऊष्मा ऊर्जा बराबर होती है लगभग - 4.2 जूल यांत्रिक ऊर्जा के
- हृदय गति मापने के लिए प्रयुक्त उपकरण है - कार्डियोग्राफ़
- भोजन की ऊर्जा मापी जाती है - कैलोरी में
- तापमान को विशेष डिग्री तक रिकॉर्ड करने के लिए उपयोग किया जाने वाला उपकरण है - थर्मोस्टेट
- विमान में ऊँचाई मापने के लिए उपयोग किया जाने वाला उपकरण है - अल्टीमीटर
- समय, लंबाई और द्रव्यमान हैं - मौलिक राशियाँ
- वेग का SI मात्रक है - मीटर प्रति सेकंड
- वेग एक - सदिश राशि है

Defence Exams

- तरंगदैर्घ्य की इकाई है - एंगस्ट्रॉम (Å)
- एक पारसेक, खगोलीय दूरी मापने का मात्रक, बराबर है - 3.26 प्रकाश वर्ष
- इलेक्ट्रॉन-वोल्ट इकाई है - ऊर्जा की
- प्रणोद एवं आवेग के बीच, अनुपात की इकाई है - आवृत्ति के समान
- 'आवेग' की विमा (dimension) वही है जो कि - रेखीय संवेग की है
- गुरुत्वीय स्थिरांक की विमा (dimension) है - $[M^{-1}L^{3}T^{-2}]$
- तेल का एक 'बैरल' लगभग होता है - 159 लीटर (42 अमेरिकी गैलन)
- जल का बहाव मापा जाता है - क्यूसेक में
- 'रिंगेलमैन पैमाने' का प्रयोग किया जाता है - धुएँ के घनत्व को मापने में
- क्षैतिज एवं ऊर्ध्वाधर तलों में कोणीय दूरियाँ मापने के लिए उपयोग किया जाने वाला यंत्र है - थियोडोलाइट
- साधारण बैरोमीटर में प्रयोग किया जाने वाला द्रव है - पारा (Mercury)
- बैरोमीटर में पारे के स्तर का अचानक गिरना सूचक है - तूफ़ान का (Storm)
- पारे का प्रयोग आमतौर पर तापमापी (थर्मामीटर) में किया जाता है, इसकी - उच्च विस्तार क्षमता की विशेषता के कारण
- हृदय की ध्वनि सुनने के लिए प्रयोग किया जाने वाला यंत्र है - स्टेथोस्कोप
- रक्तचाप मापने के लिए प्रयोग किया जाने वाला उपकरण है - स्फिग्मोमैनोमीटर
- सोने की शुद्धता जांचने के लिए प्रयोग किया जाने वाला उपकरण है - कैरेटोमीटर (Caratometer)
- प्रकाश की तीव्रता मापने के लिए प्रयोग किया जाने वाला उपकरण है - लक्स मीटर (Lux meter)
- पौधों में वृद्धि की दर मापने के लिए प्रयोग किया जाने वाला उपकरण है - ऑक्सैनोमीटर (Auxanometer)
- एक वाहन द्वारा तय की गई दूरी को मापने के लिए उपयोग किया जाने वाला उपकरण - ओडोमीटर (ओडोग्राफ)
- किसी परिपथ में विद्युत धारा को मापने के लिए उपयोग किया जाने वाला उपकरण है - एमीटर

State PCS Exams

- धारा घनत्व होती है - सदिश राशि
- क्षितिज और आकाशीय पिंड के बीच के कोण को

@apna_pdf

मापने के लिए उपयोग किया जाने वाला उपकरण है - सेक्सटेंट (Sextant)
- किसी परिपथ में विद्युत धारा की उपस्थिति का पता लगाने के लिए प्रयोग किया जाने वाला उपकरण है - गैल्वेनोमीटर
- एक असंपीड्य द्रव में प्रवाह-वेग को मापने के लिए उपयोग किया जाने वाला उपकरण है - वेंचुरी ट्यूब (Venturi tube)
- रेडियोधर्मिता को मापा जाता है - गीजर-मुलर (GM) काउंटर द्वारा
- किसी कमानी (spring) का कमानी स्थिरांक निर्भर करता है, उसकी - मोटाई, व्यास एवं पदार्थ पर

विविध

SSC Exams

- किसी धातु पर प्रकाश पड़ने पर उसकी सतह से इलेक्ट्रॉनों का उत्सर्जन होता है, इस घटना को कहा जाता है - फोटोइलेक्ट्रिक प्रभाव
- जड़त्व आघूर्ण (I) का सूत्र है $I = m \times r^2$
- क्वांटम यांत्रिकी में सापेक्ष इलेक्ट्रॉनों के व्यवहार का वर्णन किया गया था - डिराक समीकरण द्वारा
- 1928 में डिराक समीकरण दिया गया था - पॉल डिराक द्वारा
- रासायनिक बंधों का बॉल और स्प्रिंग मॉडल पालन करता है - हुक का नियम
- थर्मिओनिक इलेक्ट्रॉन ट्यूब जिसका उपयोग माइक्रोवेव आवृत्ति संकेतों को दोलन और प्रवर्धित करने के लिए किया जाता है - क्लाइस्ट्रॉन
- ज्यामितीय लंबाई (L_g) और चुंबकीय लंबाई (L_m) के बीच सही संबंध है $L_m = \frac{5}{6} L_g$
- दृश्य प्रकाश के विकिरण दबाव का सूत्र है $P = \frac{U}{C}$
- दृश्य प्रकाश के विकिरण दबाव के समीकरण का सत्यापन किया गया था - निकोल्स और हल द्वारा
- रॉकेट में कंपन को मापने के लिए सिस्मोग्राफ में एक इलेक्ट्रोकॉस्टिक ट्रांसड्यूसर का उपयोग किया जाता है, जिसे कहते हैं - पीजोइलेक्ट्रिक ट्रांसड्यूसर
- ऊर्जा का सबसे दृश्यमान रूप है - विद्युतीय ऊर्जा
- सौर सेल बना होता है - सेमीकंडक्टर (सिलिकॉन) से
- कम ऊर्जा वाले न्यूट्रॉन की बमबारी से भारी नाभिक के हल्के नाभिक में विभाजित होने की प्रक्रिया को कहा जाता है - नाभिकीय विखंडन
- भूकंप की तीव्रता को मापने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला पैमाना है - रिक्टर स्केल
- एक अर्धचालक उपकरण जो विद्युत धारा प्रवाहित होने पर प्रकाश उत्सर्जित करता है, कहलाता है - प्रकाश उत्सर्जक डायोड (LED)
- 'प्लाज्मा का चुंबकीय क्षेत्र' नामक दृष्टिकोण वैज्ञानिक सिद्धांत है - फ्यूजन रिएक्टर की तकनीक का
- वह उपकरण जो एंटीना से निकलने वाली रेडियो तरंगें उत्पन्न करता है, कहलाता है - ट्रांसमीटर
- हवा की गति को नियंत्रित किया जाता है - दबाव प्रवणता की शक्ति द्वारा
- जर्मेनियम (Ge), सिलिकॉन (Si), सेलेनियम (Se) आदि उदाहरण हैं - अर्धचालक के
- क्रायोजेनिक इंजन का उपयोग किया जाता है - रॉकेट प्रौद्योगिकी में
- किसी आदर्श गैस का आयतन स्थिर दाब पर निरपेक्ष तापमान के समानुपाती होता है, इसे कहा जाता है - चार्ल्स का नियम
- प्रकाश की कण प्रकृति प्रदर्शित होती है - फोटोइलेक्ट्रिक प्रभाव द्वारा
- ऐसा उपकरण जिसका उपयोग रेडियो, अंतरिक्ष जांच और कृत्रिम उपग्रहों में किया जाता है - सौर सेल
- ऐसा इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जो प्रकाश ऊर्जा को फोटोवोल्टिक प्रभाव से सीधे विद्युत में परिवर्तित करता है - सौर सेल
- वायु गर्म करने पर फैलती है और ठंडा करने पर - सिकुड़ती है
- समान दाब और ताप पर, गैसों के प्रसार की दर उनके घनत्व के वर्गमूल के व्युत्क्रमानुपाती होती है - ग्राहम के नियम के अनुसार
- 1924 में, पदार्थ की एक नई अवस्था, बोस - आइंस्टीन कंडेनसेट (BEC) का पूर्वानुमान लगाया गया था - अल्बर्ट आइंस्टीन द्वारा
- विशालकाय बादल के रूप में हाइड्रोजन गैस के जमा होने से जो आकाशगंगा बनने लगती है, उसे कहते हैं - नेबुला
- वायु में उपस्थित नमी कहलाती है - आर्द्रता
- AA बैटरी का प्रारंभिक वोल्टेज होता है 1.5 V
- ग्नोमन एक भाग है - सौर घड़ी का
- आर्द्रता में कमी से वृद्धि होती है - वाष्पीकरण के दर में
- अलार्म घड़ी का बजना सम्बंधित है - क्वांटम यांत्रिकी से
- स्थिर वैद्युत, श्यानता और गुरुत्वाकर्षण बल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं - मिलिकन के आयल ड्रॉप प्रयोग में
- एसफाल्ट, बिटुमेन और पेट्रोलियम उदाहरण हैं - जीवाश्म ईंधन के
- विद्युत और चुंबकीय क्षेत्र, उनके स्रोत, आवेश और धारा घनत्व से संबंधित समीकरण हैं - मैक्सवेल का समीकरण
- प्रकाश विद्युत प्रभाव का नियम खोजा गया - अल्बर्ट आइंस्टीन द्वारा

Railway Exams

- गैलियम आर्सेनाइड (GaAs) का उपयोग अर्धचालक के रूप में किया जाता है - सौर सेल में
- ऐसे पदार्थ जिनके माध्यम से वस्तुओं को स्पष्ट रूप से नहीं देखा जा सकता, कहलाते हैं - पारभासी
- आधुनिक विज्ञान के जनक - गैलीलियो गैलीली
- ग्रेफाइट की विभिन्न परतों के बीच उपस्थित रहता हैं - वान डर वाल्स बल
- ऐसा उपकरण, जिसका उपयोग आंतरिक दहन इंजन से उत्सर्जन को कम करने के लिए किया जाता है - कैटेलिटिक कनवर्टर
- पिच सर्कल के आधार और गियर के दांतों के बीच की दूरी को कहा जाता है - डेडेंडम
- आइस टोंग उदाहरण है - तृतीय श्रेणी के उत्तोलक का
- परमाणु संख्या, द्रव्यमान संख्या और ऊर्जा संरक्षित रहती है - नाभिकीय अभिक्रिया में
- वर्षा की गति और तीव्रता तथा अवक्षेपण के प्रकार, जैसे बारिश, हिमपात या ओले का पता लगाया जाता है - डॉप्लर वेदर रडार द्वारा
- बोल्ट्जमैन स्थिरांक (K_B) का मान होता है 1.38×10^{-23} J K^{-1}
- लोलक की धात्विक गेंद कहलाती है - बॉब
- किसी वस्तु की 'इधर-उधर' या 'आगे-पीछे' गति को कहा जाता है - कंपन या दोलन

Police Exams

- ग्रीनहाउस गैसें कारण बनती हैं - ग्लोबल वार्मिंग का
- MRI का फुल फॉर्म है - मैग्नेटिक रेसोनेंस इमेजिंग
- पुस्तक "द लिटिल बैलेंस", जिसमें संतुलन का उपयोग करके पदार्थों के विशिष्ट गुरुत्व को खोजने की आर्किमिडीज़ की विधि का वर्णन किया गया है, लिखी गई है - गैलीलियो गैलीली द्वारा
- उच्च ऊर्जा स्तरों पर उत्तेजित अणुओं द्वारा फोटॉनों के प्रकीर्णन को कहा जाता है - रमन प्रभाव
- संचयी प्रभाव जो तब उत्पन्न होता है जब कोई विशेष घटना समान घटनाओं की श्रृंखला को ट्रिगर करती है, उसे कहते है - दूरगामी प्रभाव
- सी-सॉ में प्रयुक्त होने वाली एक साधारण मशीन है - उत्तोलक

Defence Exams

- वह उपकरण जिसका उपयोग घर्षण को कम करने के लिए साइकिल के पहियों के केंद्र (hub) एवं धुरी (axle) के बीच किया जाता है - बॉल बियरिंग
- एक ऊर्ध्वाधर छड़ पर संतुलित गेंद उदाहरण है - अस्थिर संतुलन का
- रासायनिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करने वाले यंत्र को कहते हैं - बैटरी
- भारत का पहला बृहत् अनुसंधान रिएक्टर जो ईंधन के रूप में U-233 का उपयोग करता है - कामिनी
- समय मापक के अध्ययन एवं विज्ञान को कहा जाता है - हॉरोलॉजी
- भौतिकी की वह शाखा जिसमें अति-सूक्ष्म कणों की चाल का अध्ययन किया जाता है - क्वांटम यांत्रिकी (क्वांटम मैकेनिक्स)

State PCS Exams

- वह धातु जिसका उपयोग प्रकाश-विद्युत सेलों के तंतु (फिलामेंट) में किया जाता है जो प्रकाश ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करता है - रुबिडियम
- मैजेंटा रंग संयोजन है - लाल और नीले रंगों का
- टिल रंग संयोजन है - नीला, हरा और सफेद रंगों का
- मौवे रंग संयोजन है - नीला, लाल और सफेद रंगों का
- सियान रंग संयोजन है - हरे और नीले रंगों का
- वह कांच जो पराबैंगनी किरणों को काट सकता है, वह है - क्रुक्स ग्लास
- 'रिंगेलमैन स्केल' का उपयोग किया जाता है - धुएं के घनत्व को मापने के लिए
- रोबोटिक्स के संदर्भ में, 'PUMA' का अर्थ है - प्रोग्रामेबल यूनिवर्सल मशीन फॉर असेंबली
- MOEMS का पूर्ण रूप है - माइक्रो-ऑप्टो-इलेक्ट्रो-मैकेनिकल सिस्टम
- अल्ट्रा-हाई स्पीड स्विचिंग इलेक्ट्रॉनिक सर्किट में उपयोग किया जाने वाला डायोड है - शोट्की डायोड

@apna_pdf

रसायन विज्ञान

द्रव्य की अवस्थाएँ

SSC Exams

- द्रव्य की वह अवस्था जो व्यवहार में एकरूपता प्रदर्शित करती है - गैसीय अवस्था
- तरल अवस्था में परिवर्तित हुए बिना ठोस से सीधे गैस में परिवर्तन, कहलाता है - ऊर्ध्वपातन
- जलवाष्प का पुनः जल में परिवर्तित होने की प्रक्रिया कहलाती है - संघनन
- गैस का द्रव अवस्था में परिवर्तित हुए बिना सीधे ठोस में परिवर्तन,कहलाता है - निक्षेपण
- जब कपूर को गर्म किया जाता है तो - ठोस से गैस में परिवर्तित हो जाता है
- प्रावस्था संक्रमण की प्रक्रिया जो जमाव (deposition) के विपरीत है - ऊर्ध्वपातन
- जल का हिमांक 0°C (32 °F) होता है
- कपूर, आयोडीन, नैफ़्थलीन, अमोनियम क्लोराइड कुछ उदाहरण हैं - उर्ध्वपाती सामग्रियों के
- "गर्म होने पर ठोस से द्रव में अचानक बदल जाना" एक विशेषता है - क्रिस्टलीय ठोस की
- "गर्म जल ठंडे जल की तुलना में तेजी से जम है", यह समझाया गया है - पेम्बा प्रभाव (Mpemba effect) द्वारा
- डाल्टन के आंशिक दाब नियम की गणितीय अभिव्यक्ति है, $-P_{कुल} = P_1 + P_2 + P_3 + ...$ (स्थिर T, V पर)
- प्लाज्मा को प्रायः चौथी अवस्था कहा जाता है - पदार्थ की
- पदार्थ की पांचवी अवस्था है - बोस-आइंस्टीन कंडेनसेट
- बकमिन्स्टरफुलरीन में कार्बन परमाणु की कुल संख्या है 60
- शुष्क बर्फ, अमोनियम क्लोराइड, नेफ्थलीन, कपूर उदाहरण हैं - ऊर्ध्वपातनीय पदार्थों के
- वे बल जो परमाणुओं में क्षणिक द्विध्रुवों से उत्पन्न होते हैं, आकर्षक बल उत्पन्न करते हैं जो कम दूरी पर कार्य करते हैं, - लंडन परिक्षेपण बल

Railway Exams

- कोई भी वस्तु जिसमें द्रव्यमान और आयतन हो (स्थान घेरती हो) कहलाती है - द्रव्य
- वाष्पीकरण एक - सतही परिघटना है
- वह प्रक्रिया जिसके द्वारा कोई तरल पदार्थ गैस में परिवर्तित हो जाता है -वाष्पीकरण
- किसी पदार्थ का ठोस से गैसीय अवस्था में प्रत्यक्ष परिवर्तन, कहलाता है - उर्ध्वपातन
- ठोसों का पिघलना, गैसों का द्रवीकरण, द्रवों का वाष्पीकरण - भौतिक परिवर्तन हैं
- सूर्य और तारे किसकी उपस्थिति के कारण चमकते हैं? - प्लाज्मा की
- अति सक्रिय और अति उत्तेजित कणों से युक्त अवस्था है - प्लाज्मा अवस्था
- एक प्रारंभिक भारतीय दार्शनिक के अनुसार, प्रत्येक वस्तु बना है - पंच तत्व से
- प्रारंभिक भारतीय दार्शनिकों ने पदार्थ को किन पांच मूल तत्वों के रूप में वर्गीकृत किया है? - वायु, पृथ्वी, अग्नि, आकाश और जल में
- पदार्थ के कणों के बीच रिक्त स्थान होते हैं और वे - निरंतर गति में होते हैं
- पदार्थ एक अवस्था से दूसरी अवस्था में परिवर्तित होता है - तापमान और दबाव में परिवर्तन के द्वारा

Police Exams

- किसी द्रव का उसके क्वथनांक से कम तापमान पर गैस में परिवर्तन कहलाता है - वाष्पीकरण
- वह प्रक्रिया जहाँ जल वाष्प द्रव में परिवर्तित हो जाता है, कहलाता है - संघनन
- 'निश्चित आकार' एवं 'निश्चित आयतन' विशेषताएँ हैं - ठोसों की
- आयनीकृत गैस से बनी द्रव्य की अवस्था है - प्लाज्मा
- न्यूनतम अंतराआण्विक स्थान विशेषता है - ठोसों की
- वाष्प अवस्था को द्रव अवस्था में स्थानांतरित किया जाता है - संघनन प्रक्रिया द्वारा
- द्रव अवस्था को गैसीय अवस्था में परिवर्तित किया जाता है - वाष्पीकरण प्रक्रिया द्वारा
- 'न तो निश्चित आयतन' और न ही 'निश्चित आकार' होता है - गैसों का

Defence Exams

- सूखे बर्फ का उपयोग प्रदर्शन मंच पर हवा में धुंध पैदा करने के लिए किया जाता है, इसमें शामिल प्रक्रिया एक उदाहरण है - ऊर्ध्वपातन का
- ज्वालामुखी से निकलने वाले सल्फर के वाष्प अक्सर चट्टानों पर परत बना देते हैं, इसमें शामिल प्रक्रिया एक उदाहरण है - निक्षेपण का
- सोडियम क्लोराइड (NaCl) और अमोनियम क्लोराइड (NH_4Cl) के मिश्रण को पृथक (अलग) किया जा सकता है - उर्ध्वपातन प्रक्रिया द्वारा
- जब पानी को 0 °C से 4 °C तक गर्म किया जाता है, तो उसका घनत्व - बढ़ जाता है
- नैफ़्थलीन पीले रंग की कालिख भरी लौ के साथ जलता है, ऐसा इसलिए होता है क्योंकि यह - अधूरा दहन होता है

State PCS Exams

- सोडियम क्लोराइड और नैफ्थेलीन के मिश्रण को पृथक किया जाता है - ऊर्ध्वपातन प्रक्रिया द्वारा
- सोडियम क्लोराइड (लवण) और अमोनियम क्लोराइड के मिश्रण को पृथक किया जाता है - ऊर्ध्वपातन प्रक्रिया द्वारा

परमाणु की संरचना

SSC Exams

- यदि स्तिथि तथा संवेग की अनिश्चितता बराबर हैं, तो गति की अनिश्चितता होगी - $\frac{1}{2m}\sqrt{\frac{h}{\pi}}$
- गैस चरण में परमाणुओं के एक मोल से एक इलेक्ट्रॉन को निकालने के लिए आवश्यक ऊर्जा की मात्रा कहलाती है - आयनीकरण ऊर्जा
- वह धनावेशित कण जिसका द्रव्यमान इलेक्ट्रॉन के द्रव्यमान के बराबर प्रतीत होता है - पॉज़िट्रॉन
- 4f कक्षक में मौजूद एक इलेक्ट्रॉन के लिए चार क्वांटम संख्याएँ हैं $n = 4, l = 3, m = +1, s = +\frac{1}{2}$
- प्रमुख क्वांटम संख्या 'n' एक धनात्मक पूर्णांक है जिसका मान n = 1,2,3... है
- प्रमुख क्वांटम संख्या कक्षक का - आकार और ऊर्जा निर्धारित करती है
- 'n' के मान में वृद्धि के साथ, अनुमत कक्षकों की संख्या बढ़ती है और सूत्र - n^2 द्वारा दी जाती है
- अज़ीमुथल (कोणीय) क्वांटम संख्या 'l' को जाना जाता है - कक्षीय कोणीय गति या सहायक क्वांटम संख्या के रूप में
- 'n' के दिए गए मान के लिए , 'l' का संभावित मान 0, 1, 2, ...(n−1) हैं
- प्रत्येक कोश में एक या एक से अधिक - उपकोश या उप-स्तर होते हैं
- चुंबकीय कक्षीय क्वांटम संख्या 'm_l' कक्षक के - अभिविन्यास को निर्दिष्ट करती है
- इलेक्ट्रॉन स्पिन क्वांटम संख्या 'm_s' से तात्पर्य है - इलेक्ट्रॉन के स्पिन का अभिविन्यास
- किसी पृथक परमाणु के नाभिक के केंद्र और सबसे बाहरी कोश के बीच की दूरी को कहा जाता है - परमाणु आकार (परमाणु त्रिज्या)

(**नोट:** 'परमाणु आकार' शब्द किसी परमाणु की त्रिज्या को संदर्भित करता है)

- अवोगाद्रो संख्या का मान है 6.022×10^{23} mol^{-1}
- एक कोश में भरे जा सकने वाले इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या निर्धारित करने का सूत्र (जहाँ n कक्षा संख्या है) है $2n^2$
- सभी तत्वों के सापेक्ष परमाणु द्रव्यमान किसके परमाणु के संबंध में पाए गए है? - C^{12} के
- हीलियम परमाणुओं को संदर्भित करने के लिए किस शब्द का उपयोग किया गया है जो दो इलेक्ट्रॉनों को त्याग देते हैं? - अल्फ़ा किरणें
- प्रोटियम, ड्यूटेरियम और ट्राइटियम - हाइड्रोजन के समस्थानिक हैं
- न्यूट्रॉन एक - आवेश रहित कण है
- प्रोटॉन एक - धनावेशित कण है
- इलेक्ट्रॉन एक - ऋणावेशित कण है
- किसी तत्व की रासायनिक प्रकृति - संयोजी इलेक्ट्रॉनों पर निर्भर करती है
- रेडियोधर्मिता, विशेषता है - नाभिक की
- एक इलेक्ट्रॉन का द्रव्यमान लगभग 1/2000 गुना होता है - प्रोटॉन का
- हाइड्रोजन का सबसे भारी और एकमात्र रेडियोधर्मी समस्थानिक जिसके नाभिक में एक प्रोटॉन और दो न्यूट्रॉन होते हैं ट्राइटियम
- जब किसी वस्तु पर धनात्मक आवेश होता है तो उसमें - इलेक्ट्रॉनों की तुलना में अधिक प्रोटॉन होते हैं
- परमाण्विक द्रव्यमान को जिस परमाणु के द्रव्यमान के बारहवें हिस्से के बराबर द्रव्यमान के रूप में परिभाषित किया गया है, वह है

@pna_pdf

- कार्बन-12 परमाणु
- प्रोटॉन और न्यूट्रॉन के सापेक्ष आवेश, क्रमशः हैं +1 और 0
- परमाणु क्रमांक बराबर होता है - प्रोटॉनों की संख्या के
- न्यूट्रॉन और प्रोटॉन की संख्या का योग बराबर होता है - द्रव्यमान संख्या के
- सोडियम (Na) का परमाणु द्रव्यमान होता है 23 u
- परमाणुओं की संख्या का सही निरूपण है $\left(\frac{\text{दिया गया द्रव्यमान}}{\text{मोलर द्रव्यमान}}\right)$ × आवोगाद्रो संख्या
- तीसरी कक्षा या M कोश में इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या होती है 18
- "परमाणु के आकार की तुलना में नाभिक का आकार बहुत छोटा होता है", यह समझाया गया है - रदरफोर्ड के नाभिकीय परमाणु मॉडल द्वारा
- हीलियम एक - मोनोएटोमिक गैस है
- क्लोरीन की परमाणुकता है - द्विपरमाणुक
- ऐसे तत्व जिनमें तीन से अधिक परमाणु होते हैं, वह कहलातें है - बहु-परमाणुक
- ऐसे तत्व जिनमें तीन परमाणु होते हैं, वह कहलाते हैं - त्रिपरमाणुक
- बोरॉन और फ्लोरीन की संयोजकताएँ क्रमशः हैं 3 और 1
- फास्फोरस की परमाणुकता है - टेट्रा-एटामिक (चतुष्परमाणुक)
- द्वि-आयामी सतह पर त्रि-आयामी आणविक संरचनाओं को दर्शाने के लिए उपयोग किया जाने वाला सूत्र है - डैश-वेज फॉर्मूला
- इलेक्ट्रॉनिक विन्यास में सूत्र $2n^2$ में 'n' दर्शाता है - कोश संख्या को
- ओजोन (O_3) के एक अणु में परमाणुओं की संख्या होती है 3
- डॉल्टन के परमाणु सिद्धांत के अनुसार, परमाणु छोटी पूर्ण संख्याओं के अनुपात में संयोजित होकर - यौगिक बनाते हैं
- वह तत्व जो हाइड्रोजन से मिलकर जल बनाता है - ऑक्सीजन
- पोटैशियम परमैंगनेट के एक अणु में उपस्थित ऑक्सीजन परमाणुओं की संख्या - चार है
- परमाणु की त्रिज्या लगभग 10^{-10} मीटर होती है , जबकि नाभिक की त्रिज्या 10^{-15} मीटर है
- यदि क्रिकेट की गेंद एक नाभिक को दर्शाती है, तो एक परमाणु की त्रिज्या होगी - लगभग 5 किलोमीटर
- न्यूट्रॉन की खोज का श्रेय दिया जाता है - जेम्स चैडविक को
- पहला इलेक्ट्रॉन कोश धारण कर सकता है - दो इलेक्ट्रॉनों को
- लिथियम परमाणु में प्रोटॉनों की संख्या - तीन हैं
- कैल्शियम और आर्गन एक उदाहरण है - समभारिक की जोड़ी का
- संयोजी इलेक्ट्रॉन उपस्थित होते हैं - परमाणु के बाह्यतम कोश में
- फास्फोरस की परमाणुकता है - चतुष्क-परमाणुक
- सोडियम क्लोराइड के क्रिस्टल जालक में सोडियम आयन के चारों ओर ऋणायनों की कुल संख्या होती है छह

Railway Exams

- परमाणु रासायनिक रूप से आपस में जुड़कर - अणु बनाते है
- कार्बन (C-12) के एक मोल में परमाणुओं की संख्या होती है 6.02×10^{23}
- आण्विक रूप में सल्फर (S) में परमाणुओं की संख्या - आठ है
- परमाणु द्रव्यमान मापने के लिए मानक संदर्भ के रूप में जिस समस्थानिक को चुना गया था, वह है - कार्बन -12
- सभी नोबल (उत्कृष्ट) गैसें - एकपरमाणुक तत्व हैं
- हाइड्रोजन, नाइट्रोजन, ऑक्सीजन, फ्लोरीन, क्लोरीन, आयोडीन, ब्रोमीन - द्विपरमाणुक तत्व हैं
- फॉस्फोरस में संयोजी इलेक्ट्रॉनों की संख्या - पाँच होती है
- समान द्रव्यमान संख्या परन्तु भिन्न-भिन्न परमाणु क्रमांक वाले विभिन्न तत्वों के परमाणुओं को कहा जाता है - समभारिक (isobars)
- जिन परमाणुओं में न्यूट्रॉनों की संख्या समान होती है लेकिन प्रोटॉनों की संख्या भिन्न होती है, उन्हें कहा जाता है - समन्यूट्रॉनिक (isotones)
- सेलेनियम, सल्फर और फॉस्फोरस - बहुपरमाणुक तत्व हैं
- कार्बन (C) और हाइड्रोजन (H) के परमाणु द्रव्यमान क्रमशः हैं 12 u और 1 u
- ब्रह्मांड का सबसे हल्का और सबसे प्रचुर मात्रा में पाया जाने वाला तत्व है - हाइड्रोजन
- परमाणु में प्रभावी नाभिकीय आवेश निर्भर करता है - इलेक्ट्रॉनों की संख्या पर
- समान परमाणु क्रमांक लेकिन भिन्न परमाणु द्रव्यमान (या द्रव्यमान संख्या) वाले तत्व, कहलाते हैं - समस्थानिक (isotopes)
- परमाणु हथियार में उपयोग किए जाने वाले सबसे सामान्य समस्थानिक हैं - यूरेनियम ($_{92}U^{235}$) और प्लूटोनियम ($_{94}Pu^{239}$)
- एक अणु में सभी परमाणुओं के परमाणु द्रव्यमान का योग कहलाता है - आण्विक द्रव्यमान (molecular mass)
- NH_3 में नाइट्रोजन की संयोजकता है 3
- सभी परमाणुओं के नाभिक में न्यूट्रॉन मौजूद होते हैं - हाइड्रोजन के अतिरिक्त
- द्रव्यमान संख्या एवं परमाणु क्रमांक का अंतर बराबर होता है - न्यूट्रॉन संख्या के
- रदरफोर्ड मॉडल के अनुसार इलेक्ट्रॉन नाभिक के चारों ओर चक्कर लगाते हैं - वृत्ताकार पथ में
- हाइड्रोजन के समस्थानिक ड्यूटेरियम में उपस्थित होता है - एक प्रोटॉन और एक न्यूट्रॉन
- किसी तत्व के सबसे बाह्य कोश को कहा जाता है - संयोजी कोश (valence shell)
- परमाणु की स्थिरता का वर्णन किया गया है - नील बोर के मॉडल द्वारा
- बोहर की कक्षाओं को स्थिर कहा जाता है, क्योंकि उनमें मौजूद इलेक्ट्रॉनों में - निश्चित ऊर्जा होती है
- ऋणावेशित आयन को कहा जाता है - एनायन
- धनावेशित आयन को कहा जाता है - कैटायन
- किसी पदार्थ के एक मोल में इकाइयों की संख्या कहलाती है - आवोगाद्रो की संख्या
- आवोगाद्रो संख्या बराबर है 6.022×10^{23} mol^{-1} के
- एक कूलॉम आवेश में इलेक्ट्रॉनों की संख्या 6.25×10^{18} इलेक्ट्रॉन है
- कक्षकों में रखे गए इलेक्ट्रॉनों को बढ़ते ऊर्जा के क्रम में वर्णन किया गया है - ऑफबाऊ सिद्धांत द्वारा
- कैथोड किरण का प्रयोग प्रथम बार किया गया था - जे.जे. थॉमसन द्वारा
- तुल्यांकी भार में परिवर्तन होता है - संयोजकता (valency) के साथ
- प्रोटॉन और न्यूट्रॉन को सामूहिक रूप से कहा जाता है - न्यूक्लियॉन
- किसी कोश में उपस्थित इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या का सूत्र है $2n^2$
- अल्फा प्रकीर्णन प्रयोग में कुछ अल्फा कणों का विक्षेपण इंगित करता है की - परमाणु का धनात्मक आवेश बहुत कम स्थान घेरता है
- क्रिप्टॉन (Kr) का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास $[Ar]\ 3d^{10}\ 4s^2\ 4p^6$ है
- हीलियम को छोड़कर सभी अक्रिय गैसों के बाह्य कोश में - आठ इलेक्ट्रॉन होते है
- हीलियम के बाह्यतम कोश में इलेक्ट्रॉनों की संख्या - दो होती है
- सबसे कम परमाणु द्रव्यमान वाला तत्व - हाइड्रोजन है
- आर्गन में तीन कोश होते हैं और - अंतिम कक्षा में आठ इलेक्ट्रॉन होते हैं
- प्रोटॉन एवं न्यूट्रॉन की संख्या का योग बराबर होता है - परमाणु द्रव्यमान के
- किसी अणु में उपस्थित परमाणुओं की संख्या उसकी - परमाणुकता कहलाती है
- फॉस्फोरस के एक परमाणु में संयोजी इलेक्ट्रॉनों की संख्या - पाँच होती है
- कोई तत्व स्थिरता तब प्राप्त करता है जब वह - डुप्लेट या ऑक्टेट की अवस्था प्राप्त करता है
- एल्युमिनियम ऑक्साइड का रासायनिक सूत्र है - Al_2O_3
- किसी परमाणु की त्रिज्या का उपयोग - परमाणु आकार को मापने के लिए किया जाता है
- स्थिर अनुपात के नियम के अनुसार, तत्व आपस में जुड़ते हैं - निश्चित अनुपात में
- डाल्टन के परमाणु सिद्धांत के अनुसार, परमाणु - अविभाज्य हैं
- एक तत्व A, सूत्र A_3O_4 के साथ एक ऑक्साइड बनाता है, तो A की संयोजकता - चार होगी
- दो या दो से अधिक तत्व मिलकर - यौगिक बनाते हैं
- किसी परमाणु की संयोजकता निर्धारित होती है - बाह्यतम कोश में इलेक्ट्रॉनों की संख्या द्वारा

Police Exams

- किसी तत्व का परमाणु क्रमांक निर्धारित होता है उसके - प्रोटॉनों की संख्या द्वारा
- हाइड्रोजन का एक रेडियोसमस्थानिक - ट्राइटियम
- फास्फोरस की परमाणुकता - चतुष्परमाणुक है
- वे तत्व जिनमें प्रोटॉनों की संख्या समान होती है लेकिन न्यूट्रॉनों की संख्या भिन्न होती है - समस्थानिक कहलाते हैं
- 2-D सतह पर 3-D आणविक संरचनाओं का प्रतिनिधित्व करने का सूत्र है - डैश-वेज सूत्र
- कार्बन मोनोऑक्साइड गैस में ऑक्सीजन के - एक अणु होते हैं
- α-कण द्वि-आवेशित आयन होते हैं - हीलियम के

@aina_pdf

- परमाणु संरचना में प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थः ऊर्जा स्तर, क्रमशः हैं - K कोश, L कोश, M कोश, N कोश
- प्रोटियम और ड्यूटेरियम - हाइड्रोजन के समस्थानिक हैं
- कैल्शियम का परमाणु भार - 40.078 u है
- किसी परमाणु के 'N' कोश में रखे जा सकने वाले इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या कितनी है? - 32
- एक कोश में इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या - $2n^2$ हो सकती है
- मेथेन (CH_4) अणु में परमाणुओं की संख्या - 5 होती है
- मैग्नीशियम के संयोजी इलेक्ट्रॉन उपस्थित होते हैं - M कोश में
- परमाणु की त्रिज्या लगभग - 10^{-10} मीटर है
- नाभिक की त्रिज्या लगभग - 10^{-15} मीटर है
- कैथोड रेखाएँ - इलेक्ट्रॉनों की किरणें होती हैं
- परमाणु बने होते हैं - इलेक्ट्रॉन और नाभिक से
- समभारिक का निर्माण किसके उत्सर्जन से होता है? - बीटा किरण के
- उस नाभिकीय अभिक्रिया की प्रक्रिया को क्या कहा जाता है जिसमें एक भारी नाभिक लगभग समान द्रव्यमान के दो नाभिकों में विभाजित हो जाता है? - नाभिकीय विखंडन
- परमाणु के नाभिक में उपस्थित मूल कण होते हैं - न्यूट्रॉन, प्रोटॉन

Defence Exams

- रदरफोर्ड का अल्फा-कण (α) प्रकीर्णन प्रयोग किसकी खोज के लिए उत्तरदायी था ? - परमाणु नाभिक के
- एक पतली सोने की पन्नी द्वारा α-कणों का प्रकीर्णन, जो एक परमाणु के केंद्र में धनात्मक आवेशित नाभिक की उपस्थिति का सुझाव देता है, दिखाया गया था - रदरफोर्ड द्वारा

State PCS Exams

- साइक्लोट्रॉन का उपयोग, त्वरित करने के लिए प्रयुक्त किया जाता है - प्रोटॉन को
- निम्नतम अवस्था में हाइड्रोजन परमाणु की आयनन ऊर्जा होती है (- 13.6 eV)
- रासायनिक तत्व के अणु के सन्दर्भ में चुंबकीय क्वांटम संख्या का संबंध है - अभिविन्यास से
- एक परमाणु के केंद्र का धनावेशित भाग कहलाता है - प्रोटॉन
- ऋणावेशित परमाणु (ऋणायन) में प्रोटॉनों की संख्या होती है - परमाणु में इलेक्ट्रॉनों की संख्या से कम
- एक नाभिक में प्रोटॉन और न्यूट्रॉन आबद्ध होते हैं - लघु परिसर 'प्रबल अन्योन्यक्रिया' द्वारा
- किसी परमाणु का सर्वाधिक द्रव्यमान होता है - नाभिक में

धातु, अधातु और मिश्रधातु

SSC Exams

- मोटरवाहन अपशिष्ट का सबसे खतरनाक धातु प्रदूषक है - सीसा
- धातुएँ सामान्यतः ऊष्मा और विद्युत की - सुचालक होती हैं
- कार की बैटरी में प्रयोग होने वाला अम्ल है - सल्फ्यूरिक अम्ल (H_2SO_4)
- एकमात्र धातु जो सामान्य तापमान पर द्रव अवस्था में मौजूद होती है - पारा (Hg)
- जिंक सल्फाइड (ZnS) का उपयोग किया जाता है - कृंतकनाशक के रूप में
- एक ऐसा अभिकर्मक जो सोना और प्लैटिनम का विघटन कर सकता है - एक्वा रेजिया
- भू-पर्पटी में उपस्थित सातवीं सबसे प्रचुर मात्रा में पाया जाने वाला धातु है - पोटैशियम
- भू- पर्पटी में उपस्थित सबसे प्रचुर मात्रा में पाया जाने वाला धातु है - एल्युमिनियम
- भू- पर्पटी में सबसे प्रचुर मात्रा में पाया जाने वाला अधातु है - ऑक्सीजन
- एक अधातु , जो प्रज्वलित तीखी गंध वाला गहरे लाल-भूरे रंग का द्रव है - ब्रोमीन
- पृथ्वी पर मनुष्य द्वारा प्रयुक्त प्रथम धातु है - तांबा
- तांबा, चांदी, ग्रेफाइट कुछ उदाहरण हैं, जो - विद्युत के सुचालक हैं
- 1 : 3 के अनुपात में नाइट्रिक अम्ल (HNO_3) और हाइड्रोक्लोरिक अम्ल (HCl) का मिश्रण कहलाता है - एक्वा रेजिया
- मैग्नीशियम, सोना, सोडियम और आयरन में सबसे अधिक अभिक्रियाशील धातु है - सोडियम
- सोना (Au), प्लैटिनम (Pt), चाँदी (Ag), तांबा (Cu) - सबसे कम अभिक्रियाशील धातुएँ हैं
- निकेल (Ni), कोबाल्ट (Co) तथा कॉपर (Cu) - संक्रमण धातुएँ हैं
- 'वेरी-ग्रीन प्रक्रिया' में उपयोग किया जाने वाला धातु आयन है - जिंक या कॉपर
- आयरन (Fe), मैंगनीज (Mn), मर्करी (Hg), क्रोमियम (Cr) में से 20°C पर सबसे अधिक विद्युत प्रतिरोधकता वाला तत्व है - मैंगनीज
- ड्यूरालुमिन एक मिश्र धातु है जो बनी है - एल्युमिनियम और कॉपर से
- जाइरोस्कोप, स्प्रिंग्स, विद्युत संपर्क, स्पॉट-वेल्डिंग इलेक्ट्रोड और गैर-स्पार्किंग उपकरण बनाने के लिए उपयोग किया जाने वाला एक चाँदी-सा सफ़ेद धातु है - बेरिलियम
- सिलिकॉन (Si), जर्मेनियम (Ge) और आर्सेनिक (As) कुछ उदाहरण हैं - अर्ध-धातु के
- वह धातु जो ऊष्मा और विद्युत का सबसे अच्छा सुचालक है - चाँदी (Ag)
- जर्मेनियम (Ge), पोलोनियम (Po), टेल्यूरियम (Te) कुछ उदाहरण हैं - उपधातुओं के
- वह तत्व जिसका सर्वाधिक उपयोग सौर सेल के निर्माण के लिए किया जाता है - सिलिकॉन
- बोरॉन, जर्मेनियम, सिलिकॉन, एंटीमनी, आर्सेनिक, टेल्यूरियम और पोलोनियम उदाहरण हैं - उपधातुओं के
- सिलिकॉन को गैलियम के साथ मिलाए जाने से बनता है - p-प्रकार का अर्धचालक
- लोहे पर ग्रीस, पेंट और जस्ता का लेप लगाने से उसे - जंग लगने से बचाया जाता है
- किसी अन्य धातु पर किसी धातु की पतली परत चढ़ाने की प्रक्रिया कहलाती है - विद्युतलेपन
- सोल्डर एक मिश्रधातु है, जो बना है - टिन और लेड से
- निकेल, आयरन, कोबाल्ट कुछ उदाहरण हैं - चुंबकीय पदार्थ के
- सोना और चाँदी के मिश्रण से बनी मिश्रधातु है - इलेक्ट्रम
- विभिन्न रूपों में विद्यमान कार्बन - एक अधातु है
- पारा हमेशा एक घटक होती है - अमलगम में
- सल्फर और नाइट्रोजन के ऑक्साइड वर्षा जल में घुलकर अम्ल बनाते हैं जो कि कारण बनते हैं - अम्लीय वर्षा का
- तांबा और जस्ता के संयोजन से बनने वाली मिश्रधातु है - डच धातु (Dutch Metal)
(**नोट :** डच धातु पीतल का एक रूप है और इसमें 80-85% तांबा और 15-20% जस्ता होता है)
- धातुएँ अम्ल के साथ अभिक्रिया करके धातु लवण और - हाइड्रोजन गैस उत्पन्न करती हैं
- अधातुएँ ऑक्सीजन के साथ अभिक्रिया करके अधात्विक ऑक्साइड बनाती हैं जो प्रकृति में - अम्लीय होते हैं
- धातुओं को पीटकर पतली शीट बनाने का गुण कहलाता है - आघातवर्धनीयता (Malleability)
- वह तरल पदार्थ जो सोना और प्लैटिनम जैसी उत्कृष्ट धातुओं को घोल सकता है - अम्लराज (Aqua regia)
- सबसे अधिक अभिक्रियाशील धातु है - पोटेशियम

सर्वाधिक प्रतिक्रियाशील धातु: पोटेशियम > सोडियम > बेरियम > कैल्शियम > मैग्नीशियम > एल्युमीनियम > जिंक > आयरन > निकल > टिन > सीसा > तांबा > पारा > चांदी > सोना > प्लैटिनम: सबसे कम प्रतिक्रियाशील धातु

- धातुओं की आयनीकरण एन्थैल्पी - निम्न होती है
- धातुओं का वह गुण जिसके कारण उन्हें खींचकर पतले तार बनाये जा सकते हैं, वह कहलाता है - तन्यता (Ductility)
- बोरॉन, सिलिकॉन, एंटीमनी, जर्मेनियम, आर्सेनिक और टेल्यूरियम उदाहरण हैं - उपधातु हैं
- पोटेशियम और सोडियम तीव्र अभिक्रिया करते हैं - ठंडे जल के साथ
- वह खनिज जिसमे अयस्क के रूप में कीसेराइट होता है - मैग्नीशियम
- टिन और लेड के संयोग द्वारा बनने वाली मिश्रधातु है - सोल्डर
- एलईडी (LED) अर्धचालकों में प्रयुक्त धातु - गैलियम
- वह धातु जो हवा में नम CO_2 के साथ अभिक्रिया करती है और हरे रंग की परत प्राप्त कर लेती है - तांबा
- एकमात्र धातु जो जीवाणुरोधी है - तांबा
- कॉन्स्टेंटन एक मिश्र धातु है - तांबा और निकेल का
- कमरे के तापमान पर विशिष्ट गंध वाली एक हरी-पीली गैस है - क्लोरीन

Railway Exams

- सोडियम जल के साथ अभिक्रिया करके - H_2 और NaOH उत्पन्न करता है
- अभ्रक, चूना पत्थर, ग्रेफाइट, कोयला और पेट्रोलियम उदाहरण हैं - अधात्विक खनिज के
- टिन, तांबा, जस्ता, सोना, चांदी और सीसा उदाहरण हैं - धात्विक खनिज के
- धातुओं की प्रकृति - विद्युतधनात्मक होती है

@alpha_pdf

- सर्वाधिक धात्विक मानव निर्मित तत्व है - फ्रांसियम (Fr)
- सर्वाधिक धात्विक प्राकृतिक तत्व है - सीज़ियम (Cs)
- धातु और अधातु के बीच इलेक्ट्रॉन के स्थानांतरण से बनने वाले यौगिक - विद्युतसंयोजी यौगिक होते हैं
- नाइक्रोम मिश्रधातु है - निकेल और क्रोमियम का
- सिलिकॉन (Si) और जर्मेनियम (Ge) - अर्धधातु हैं
- अधातुएँ प्रकृति में विद्युत्ऋणात्मक होती हैं और बंध बनाती हैं - इलेक्ट्रॉन ग्रहण करके
- धातुएँ इलेक्ट्रॉन त्यागती हैं - धनायन बनाने के लिए
- धातुएँ - क्षारीय ऑक्साइड बनाती हैं
- अधातुएँ - अम्लीय ऑक्साइड बनाती हैं
- वह धातु जो संक्षारण के कारण हरे रंग की परत बनाती है - ताँबा
- वह अधातु जिसके अपररूप विद्युत का संचालन करते हैं - कार्बन
- वह तत्व जिसका उपयोग फोटोवोल्टिक सौर सेल बनाने में किया जाता है - सिलिकॉन
- धातुएँ जिन्हें चाकू से काटा जा सकता है - लिथियम, सोडियम, पोटेशियम
- ऊष्मा और विद्युत के सुचालक होते हैं - धातुएँ
- ऊष्मा और विद्युत के कुचालक हैं - अधातु
- 'X' एक कठोर, चमकदार, आघातवर्ध्य, तन्य और ध्वनियुक्त तत्व है, तो 'X' एक - धातु है
- 'Y' एक नरम, गैर-चमकदार, गैर-ध्वनिक और गैर-आघातवर्ध्य तत्व है, तो 'Y' एक - अधातु है
- संक्षारण को रोकने के लिए एल्युमीनियम पर एल्युमीनियम ऑक्साइड की एक मोटी परत का बनना कहलाता है - एनोडीकरण
- प्रकृति में पाए जाने वाले धातु का यौगिक कहलाता है - खनिज
- मोनाज़ाइट अयस्क है - थोरियम का
- संक्षारण को रोकने के लिए लोहे पर विद्युत लेपन करने में प्रयुक्त धातु - जस्ता है
- इस्पात (स्टील) को कठोरीकृत करने मे जिन तत्वों की आवश्यकता होती है, वे हैं - मैंगनीज और कार्बन
- बॉक्साइट, तांबा और लेड - अलौह धात्विक खनिज हैं
- ऐसे तत्व जो धातु और अधातु दोनों के गुण प्रदर्शित करते हैं - उपधातु
- गैलेना अयस्क है - सीसा का
- एकमात्र अधातु जो कमरे के तापमान पर तरल अवस्था में मौजूद होता है - ब्रोमीन
- एकमात्र धातु जो कमरे के तापमान पर तरल अवस्था में मौजूद होता है - पारा
- पीतल मिश्रण है - 30% जस्ता और 70% तांबा का
- एकमात्र अधातु जो विद्युत का सुचालक है - ग्रेफाइट
- एलुमिनो थर्मिक प्रक्रिया में, एल्युमीनियम कार्य करता है - अपचायक के रूप में
- लिथियम, पोटेशियम और सोडियम को छोड़कर, अन्य सभी धातुएँ अधिक सघन होते हैं - जल से
- वह पदार्थ जिसमें एक ही प्रकार के कण होते हैं, कहलाता है - शुद्ध पदार्थ
- वह द्रव्य जिसे सरल पदार्थों में विभाजित नहीं किया जा सकता, कहलाता है - तत्व
- वह पदार्थ जो द्रव्य के एक से अधिक प्रकार के शुद्ध रूप से बना है, कहलाता है - मिश्रण
- दो या दो से अधिक तत्वों को रासायनिक रूप से एक निश्चित अनुपात में मिलाने से बना एक शुद्ध पदार्थ - यौगिक कहलाता है
- जिंक अमलगम, मिश्र धातु है - जस्ता और पारा का
- तांबा, एल्युमीनियम तथा चांदी से कम ऊष्मीय चालकता वाली धातु है - पारा
- ऊष्मीय चालकता का व्युत्क्रम कहलाता है - ऊष्मीय प्रतिरोधकता
- आग से बचाव के लिए लिथियम, सोडियम और पोटैशियम को रखा जाता है - मिट्टी के तेल में
- मिश्रधातु उदाहरण है - ठोस विलयन का
- यदि धातु A, धातु B को उसके विलयन से विस्थापित कर देता है, तो धातु A - धातु B से अधिक क्रियाशील है
- सबसे अधिक आघातवर्धनीय धातु है - सोना
- वह प्राकृतिक प्रक्रिया जो परिष्कृत धातु को अधिक स्थिर ऑक्साइड में परिवर्तित करती है, कहलाती है - संक्षारण
- पुलों, लोहे की रेलिंग और धातुओं से बनी सभी वस्तुओं का क्षरण होता है जिसका कारण - संक्षारण है
- लोहे की स्थिति में संक्षारण कहलाता है - जंग लगना
- एल्यूमीनियम, लोहा और जस्ता जैसी धातुएँ अभिक्रिया नहीं करती हैं - ठंडे या गर्म जल के साथ
- लोहा, तांबा, जस्ता जिसके प्रयोग से अपचयन द्वारा प्राप्त किये जाते हैं, वह है - कार्बन
- पोटैशियम और सोडियम जैसी धातुएँ तीव्र अभिक्रिया करती हैं - ठंडे जल के साथ
- मैग्नीशियम तीव्र अभिक्रिया करता है - गर्म जल के साथ
- उच्च तापमान पर भी, चांदी और सोना जिसके साथ अभिक्रिया नहीं करते है, वह है - ऑक्सीजन
- सबसे बाहरी कोश में, अधातुओं में सामान्यतः 5, 6, 7 या 8 इलेक्ट्रॉन होते हैं
- धातुओं को उनकी घटती क्रियाशीलता के क्रम में व्यवस्थित करने, को जाना जाता है - सक्रियता श्रेणी

Police Exams

- सर्वाधिक अभिक्रियाशील धातु है - पोटैशियम
- मैंगनीज, निकेल और क्रोमाइट उदाहरण हैं - लौह खनिज के
- कांस्य एक मिश्र धातु है Cu (90%-93%) और Sn (10%-7%) का
- सोडियम ठंडे पानी के साथ तीव्र अभिक्रिया करके - NaOH और H_2 गैस बनाता है
- सिलिकॉन और जर्मेनियम - अर्धचालक हैं
- जो धातुएँ खुले में रखे जाने पर आग पकड़ लेती हैं, वे हैं - सोडियम और पोटैशियम
- एकमात्र अधातु जो विद्युत का सुचालक है - ग्रेफाइट
- मोती का प्राथमिक घटक है - कैल्शियम कार्बोनेट
- किसी अन्य धातु के साथ पारा (Hg) के मिश्रण/मिश्र धातु को कहा जाता है - अमलगम
- सबसे अधिक और सबसे कम अभिक्रियाशील धातु , क्रमशः हैं - पोटैशियम और प्लैटिनम
- ठोस कार्बन डाइऑक्साइड - शुष्क बर्फ है
- उच्चतम गलनांक वाली धातु (शुद्ध रूप में) है - टंगस्टन (W)
- आघातवर्धनीयता, तन्यता और कठोरता गुण हैं - धातुओं के
- खाद्य पदार्थों को लपेटने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली पन्नी है - एल्युमीनियम
- दो धातुओं के मिश्रण को कहा जाता है - मिश्रधातु
- फास्फोरस संग्रहित होता है - जल में
- सर्वाधिक आघातवर्धनीय धातु है - सोना

Defence Exams

- तांबे के विद्युतअपघटनी परिष्करण (इलेक्ट्रोलाइटिक रिफाइनिंग) में, इलेक्ट्रोलाइट एक विलयन है - अम्लीकृत कॉपर सल्फेट का
- वे धातु ऑक्साइड जो अम्ल और क्षार दोनों के साथ अभिक्रिया करके लवण और जल का निर्माण करते हैं, वह कहलाते हैं - उभयधर्मी ऑक्साइड्स
- एल्युमिनियम ऑक्साइड, जिंक ऑक्साइड और टिन ऑक्साइड कुछ उदाहरण हैं - उभयधर्मी ऑक्साइड्स के
- मिश्र धातु सोल्डर के घटक हैं - लेड (Pb) और टिन (Sn)
- स्कूल की घंटियाँ धातुओं से बनी होती हैं क्योंकि धातुएँ - ध्वनियुक्त होती हैं
- वह प्रक्रिया जो विद्युत रासायनिक ऑक्सीकरण के माध्यम से धातु को टिकाऊ, संक्षारण-प्रतिरोधी फिनिश देती है, वह कहलाती है - एनोडाइजिंग प्रक्रिया
- वह प्रक्रिया जिसमे एल्यूमीनियम की एक मोटी ऑक्साइड परत बनती है, और इसे संक्षारण प्रतिरोधी बनाती है - एनोडाइजिंग प्रक्रिया

State PCS Exams

- वह धातु जिसे "सफ़ेद सोना" कहा जाता है - प्लेटिनम
- आतिशबाजी में उत्पन्न होने वाली हरी लौ का कारण - बेरियम की उपस्थिति है
- आतिशबाजी में उत्पन्न नीली लौ का कारण - कॉपर की उपस्थिति है
- आतिशबाजी में उत्पन्न होने वाली पीली लौ का कारण - सोडियम की उपस्थिति है
- आतिशबाजी में उत्पन्न होने वाली चमकदार लाल लौ का कारण - स्ट्रोंटियम की उपस्थिति है
- क्वार्ट्ज, दाब - विद्युत पदार्थ के रूप में प्रयोग किया जाता है,जो बना होता है - सिलिकॉन (Si) का
- अधातुएँ ऑक्सीजन के साथ क्रिया करके बनाती हैं - अम्लीय ऑक्साइड
- वह धातु जो वायु के संपर्क में आने पर एक पतली ऑक्साइड परत विकसित कर लेती है - ऐल्युमीनियम
- सुपरफॉस्फेट में उपस्थित धातु परमाणु है - कैल्शियम (Ca)
- बिजली के फ्यूज के लिए प्रयुक्त पदार्थ टिन और सीसा का मिश्रण, होना चाहिए -उच्च विशिष्ट प्रतिरोधकता और निम्न गलनांक के

@apna_pdf

अम्ल, क्षार एवं लवण

SSC Exams

- अम्ल और क्षार के बीच की एक अभिक्रिया जिसके द्वारा लवण और जल का निर्माण होता है, उसे कहते हैं - उदासीनीकरण अभिक्रिया
- अरंडी के बीज में कौन सा अम्ल प्रचुर मात्रा में पाया जाता है? - रिकिनोलिक अम्ल
- सरसों का तेल एक स्रोत है - इरुसिक अम्ल का
- सोडा जल एक स्रोत है - कार्बोनिक अम्ल का
- नारियल का दूध एक स्रोत है - लॉरिक अम्ल का
- मक्खन एक स्रोत है - ब्यूटिरिक अम्ल का
- वह रासायनिक यौगिक जिसका उपयोग मुख्य रूप से विस्फोटकों, उर्वरकों के निर्माण और कार्बनिक संश्लेषण में किया जाता है - नाइट्रिक एसिड
- मोहर का नमक, लौह आयनों के अधिमानित स्रोत के रूप में विश्लेषणात्मक रसायन विज्ञान में उपयोग किया जाता है, जिसका रासायनिक सूत्र है - $FeSO_4.(NH_4)_2SO_4.6H_2O$
- वह अम्ल जो जिंक को जिंक सल्फेट में परिवर्तित करता है - सल्फ्यूरिक अम्ल
- किसमे लिटमस का रंग लाल से नीले में परिवर्तित हो जाता है? - क्षार में
- किसमे लिटमस का रंग नीले से लाल में परिवर्तित हो जाता है? - अम्ल में
- अम्ल का स्वाद - खट्टा होता है
- क्षार का स्वाद - कड़वा होता
- अम्ल वह पदार्थ है जो स्वाद में खट्टा होता है और - नीले लिटमस को लाल में बदल देता है
- सिरका एक प्राकृतिक स्रोत है - एसिटिक अम्ल का
- दही एक प्राकृतिक स्रोत है - लैक्टिक अम्ल का
- नींबू एक प्राकृतिक स्रोत है - साइट्रिक अम्ल का
- इमली एक प्राकृतिक स्रोत है - टार्टरिक अम्ल का
- किसी अम्ल के प्रतिस्थापन योग्य हाइड्रोजन परमाणुओं की संख्या उसकी - क्षारकता कहलाती है
- किसी भी अम्ल में कम से कम - एक हाइड्रोजन परमाणु अवश्य होना चाहिए
- वह अम्ल जिसका उपयोग उर्वरक, सिंथेटिक फाइबर, प्लास्टिक, चिपकने वाले पदार्थ, पेंट और रंजकों के निर्माण के लिए किया जाता है - सल्फ्यूरिक अम्ल
- एसिटिक अम्ल के एक अणु में हाइड्रोजन परमाणुओं की कितनी संख्या है? - चार
- कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड के एक अणु में हाइड्रोजन परमाणुओं की कितनी संख्या है? - दो
- सोडियम परॉक्साइड के एक अणु में ऑक्सीजन परमाणुओं की कितनी संख्या है? - दो
- फॉस्फोरिक अम्ल के एक अणु में हाइड्रोजन परमाणुओं की कितनी संख्या है? - तीन
- अमोनियम क्लोराइड के एक अणु में हाइड्रोजन परमाणुओं की कितनी संख्या है? - चार
- जल में उपस्थित घुले हुए लवण की मात्रा को दर्शाने वाला शब्द है - लवणता
- पोटेशियम लवण जो रक्त में पोटेशियम के निम्न स्तर का उपचार या रोकथाम करता है, वह है - पोटेशियम क्लोराइड
- अम्ल और क्षार के बीच की अभिक्रिया कहलाती है - उदासीनीकरण अभिक्रिया
- वह अम्ल जो आमाशय में प्रवेश करने वाले जीवाणुओं को नष्ट कर देता है - हाइड्रोक्लोरिक अम्ल (HCl)
- टमाटर में मुख्य रूप से उपस्थित अम्ल - ऑक्जेलिक अम्ल
- आमाशय की अम्लता को निष्क्रिय करने के लिए एंटासिड के रूप में उपयोग किया जाने वाला यौगिक है - मैग्नेशियम हाइड्रॉक्साइड
- जब लिटमस विलयन न तो अम्लीय और न ही क्षारीय होता है, तो इसका रंग - बैंगनी होता है
- वह अम्ल जो सिरके के pH को अम्लीय बनाता है - एसिटिक अम्ल (या एथेनोइक अम्ल)
- सरसों के तेल में पाया जाने वाला अम्ल - इरूसिक अम्ल
- प्रबल अम्ल और दुर्बल क्षार के लवण का pH मान - 7 से कम होता है
- चूने के पानी में पाया जाने वाला क्षार - कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड
- मानव शरीर जिस pH सीमा में कार्य करता है वह है 7.0 से 7.8 तक
- सोडियम हाइड्रॉक्साइड का pH मान - लगभग 14 है
- अम्ल नीले लिटमस का रंग बदलकर - लाल कर देता है
- मिल्क ऑफ मैग्नेशिया का pH मान है - 10
- लिटमस और हल्दी - प्राकृतिक अम्ल-क्षार सूचक हैं
- पेप्सिन एंजाइम की क्रिया को सुगम बनाने के लिए प्रयोग किया जाने वाला अम्ल है - हाइड्रोक्लोरिक अम्ल
- संतरे में उपस्थित अम्ल - साइट्रिक अम्ल
- अंगूर में उपस्थित अम्ल - टार्टरिक अम्ल
- बासी (rancid) मक्खन में उपस्थित अम्ल - ब्यूटिरिक अम्ल
- चींटी के डंक में उपस्थित अम्ल - मेथेनोइक अम्ल (फॉर्मिक अम्ल)
- पालक (spinach) में पाया जाने वाला अम्ल - ऑक्जेलिक अम्ल
- विंडो क्लीनर में पाया जाने वाला क्षार - अमोनियम हाइड्रॉक्साइड
- टार्टरिक अम्ल पाया जाता है - इमली में
- लैक्टिक अम्ल पाया जाता है - दही में
- एक्वा रेजिया में मौजूद सांद्र हाइड्रोक्लोरिक अम्ल और सांद्र नाइट्रिक अम्ल का मिश्रण होता है जिसका अनुपात है 3 : 1
- दांतों में सड़न तब शुरू होती है जब मुंह का pH - 5.5 से कम होता है
- म्यूरिएटिक अम्ल ,दूसरा नाम है - हाइड्रोक्लोरिक अम्ल का
- जब किसी अम्ल या क्षार को जल में मिलाया जाता है तो प्रति इकाई आयतन में आयनों की सांद्रता (H_3O^+/OH^-) में - कमी हो जाती है
- pH में 'p' का पूर्ण रूप है - पोटेंज़
- pH में 'H' का पूर्ण रूप है - हाइड्रोजन आयन
- वह अम्ल जो पाचन में सहायता करता है - हाइड्रोक्लोरिक अम्ल
- जर्मन रसायनशास्त्री, जिन्होंने पहली बार एसिटिक अम्ल का संश्लेषण किया - कोल्बे
- जल में घुलनशील क्षारक (Base) कहलाता है - क्षारीय (alkali)
- मिट्टी की अम्लीय प्रकृति जिसकी उच्च सांद्रता के कारण होती है, वह है - हाइड्रोजन
- प्रति 1000 ग्राम समुद्री जल में घुले लवण की मात्रा को मापने के लिए प्रयुक्त शब्द है - लवणता
- भारत में पेयजल विनिर्देशन का स्वीकार्य pH मान है - 6.5 से 8.5 तक
- जेरेनियम के फूल, लाल पत्तागोभी के पत्ते, पेटुनिया के फूल - प्राकृतिक अम्ल-क्षार सूचक हैं
- त्वचा पर चींटी के काटने को निष्क्रिय करने के लिए अनुशंसित क्षार पदार्थ है - गीला/नम बेकिंग सोडा
- फोलिक अम्ल का दूसरा नाम है - टेरोइलग्लूटामिक अम्ल
- साबुन का पानी लिटमस पेपर का रंग बदलकर - नीला कर देता है
- सामान्य दूध का pH मान होता है - 6.7 से 6.9 तक
- गैस्ट्रिक जूस का pH मान होता है - लगभग 1.2
- सॉफ्ट ड्रिंक का pH मान होता है लगभग 2.0 - 4.0
- संतरे के रस का pH मान होता है लगभग 3.7

Railway Exams

- 'A' जल के साथ अभिक्रिया करके एक विलयन बनाता है जो फिनोल्फ़थेलिन विलयन को गुलाबी कर देता है, यहाँ 'A' हो सकता है - Na, Mg, Ca
- क्लोर-क्षार प्रक्रिया में उत्पादित उत्पाद हैं - हाइड्रोजन, क्लोरीन, NaOH
- लाल पत्तागोभी के पत्ते - प्राकृतिक अम्ल-क्षार सूचक हैं
- मिथाइल ऑरेंज एक - अम्ल-क्षार सूचक है
- वेनिला, लौंग और प्याज - घ्राण सूचक हैं
- अम्लीय शक्ति बढ़ती है H^+ सांद्रता बढ़ने के साथ
- 7 से कम pH मान होते हैं - अम्ल के
- pH मान 7 होता है - उदासीन का
- 7 से अधिक pH मान होते हैं - क्षार के
- एल्युमिनियम सल्फेट $[Al_2(SO_4)_3]$ की प्रकृति - हल्की अम्लीय होती है
- वह अम्ल जिसका उपयोग एनोडाइजिंग प्रक्रिया में किया जाता है, वह है - तनु सल्फ्यूरिक अम्ल
- सांद्र सल्फ्यूरिक अम्ल एक - निर्जलीकारक है
- विलयन में अतिरिक्त क्षार घोलने से हाइड्रॉक्साइड आयनों की सांद्रता - बढ़ती है
- उदासीनीकरण अभिक्रिया में H^+ आयन - अम्ल से प्राप्त होता है
- उदासीनीकरण अभिक्रिया में OH^- आयन - क्षार से प्राप्त होता है
- K_2SO_4 का pH मान लगभग 7 होता है
- CH_3COOH, H_2CO_3 - दुर्बल अम्ल हैं
- जब किसी अम्ल को गर्म किया जाता है तो उसका pH मान - घटता है
- वे पदार्थ जिनकी गंध अम्लीय या क्षारीय माध्यम में बदल जाती है, कहलाते हैं - घ्राण (गंधीय) सूचक
- फेनॉफ्थलीन एक - अम्ल-क्षार सूचक है
- प्रबल अम्ल तथा प्रबल क्षार के लवण उदासीन होते हैं तथा इनका pH मान 7 के बराबर होता है
- प्रबल अम्ल और दुर्बल क्षार के लवण अम्लीय होते हैं और इनका pH मान 7 से कम होता है
- दुर्बल अम्ल और प्रबल क्षार के लवण क्षारीय होते हैं, और इनका pH मान 7 से अधिक होता है
- एथेनॉल से एथेनोइक अम्ल मे परिवर्तन उत्प्रेरित

@apna_pdf

होता है
- क्षारीय $KMnO_4$ और अम्लीय $K_2Cr_2O_7$ द्वारा
- pH पैमाने की सीमा होती है 0 से 14 तक
- हल्दी और कुछ फूलों की रंगीन पंखुड़ियाँ, कार्य करती हैं
- प्राकृतिक अम्ल-क्षार सूचक के रूप मे
- LiOH, NH_4OH, $Ba(OH)_2$ उदाहरण हैं - क्षार के
- सूरजमुखी का पौधा उस मिट्टी में सबसे अच्छा उगता है, जिसकी pH सीमा 6.2 से 6.7 होती है
- वाशिंग सोडा की प्रकृति - क्षारीय होती है
- ब्लीचिंग पाउडर का रासायनिक सूत्र है - $CaOCl_2$
- अधिक H^+ आयन उत्पन्न करने वाले अम्ल - प्रबल अम्ल कहलाते हैं
- कम H^+ आयन उत्पन्न करने वाले अम्ल - दुर्बल अम्ल कहलाते हैं
- वे क्षार जो अधिक संख्या मे OH^- आयन उत्पन्न करते हैं - प्रबल क्षार कहलाते हैं
- वे क्षार जो कम संख्या मे OH^- आयन उत्पन्न करते हैं - दुर्बल क्षार कहलाते हैं
- वे अम्ल और क्षार जो सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट बनाते हैं, क्रमशः हैं - H_2CO_3 और NaOH
- आयोडीन विलयन का उपयोग जिसकी उपस्थिति का पता लगाने के लिए किया जाता है, वह है - स्टार्च
- लाल पत्तागोभी क्षारीय विलयन के साथ मिश्रित होने पर - नीला-हरा रंग उत्पन्न करता है
- अम्ल नीले लिटमस को बदल देता है - लाल में
- क्षार लाल लिटमस को बदल देता है - नीले में
- अमोनियम क्लोराइड का लवण बनता है - HCl और NH_4OH के मिश्रण से
- जब अम्लीय वर्षा का जल नदी में प्रवाहित होता है तब नदी के जल का pH मान - घटता है
- जब अम्ल या क्षार को जल में मिलाया जाता है, तो प्रति इकाई आयतन में आयनों की सांद्रता - घटती है
- हाइड्रोक्लोरिक अम्ल (HCl), सल्फ्यूरिक अम्ल (H_2SO_4), नाइट्रिक अम्ल (HNO_3) उदाहरण हैं - प्रबल अम्ल के
- साइट्रिक अम्ल ($C_6H_8O_7$), एसिटिक अम्ल (CH_3COOH), फॉर्मिक अम्ल (HCOOH) उदाहरण हैं - दुर्बल अम्ल के
- पोटेशियम हाइड्रॉक्साइड (KOH), सोडियम हाइड्रॉक्साइड (NaOH), लिथियम हाइड्रॉक्साइड (LiOH) उदाहरण है - प्रबल क्षार के
- अमोनियम हाइड्रॉक्साइड (NH_4OH), कॉपर हाइड्रॉक्साइड $\{Cu(OH)_2\}$, जिंक हाइड्रॉक्साइड $\{Zn(OH)_2\}$ उदाहरण हैं - दुर्बल क्षार के
- साधारण नमक का आण्विक भार लगभग होता है 58 ग्राम/मोल
- कैलामाइन विलयन मे - जिंक कार्बोनेट उपस्थित होता है
- कैलामाइन विलयन राहत प्रदान करता है - चींटी के काटने पर
- लिटमस विलयन प्राप्त होते हैं - लाइकेन से
- लैक्टिक अम्ल में उपस्थित कार्बन अणुओं की संख्या - तीन है
- बोरिक अम्ल का उपयोग किया जाता है - आंखो को साफ करने में
- दुर्बल अम्ल और उसके लवण का विलयन कहलाता है - बफर विलयन
- pH जितना कम होगा, उतनी ही अधिक होगी - हाइड्रोजन आयनों की सांद्रता
- pH जितना अधिक होगा, उतनी ही अधिक होगी - हाइड्रॉक्साइड आयनों की सांद्रता
- एस्कॉर्बिक अम्ल मुख्य रूप से पाया जाता है - खट्टे फलों में
- सिरके में उपस्थित अम्ल है - एसीटिक अम्ल
- नींबू और संतरे में उपस्थित अम्ल है - साइट्रिक अम्ल
- सार्वभौमिक सूचक में, 4 से 5 का pH इंगित करता है - दुर्बल अम्ल को
- जब लिटमस को बोरेक्स के विलयन में मिलाया जाता है, तो यह बदल जाता है - नीले में
- अम्ल धातु के साथ अभिक्रिया करके लवण और - हाइड्रोजन गैस उत्पन्न करता है
- जब जल में थोड़ी मात्रा में अम्ल मिलाया जाता है तब - आयनीकरण और तनुकरण की घटना होती है
- अम्ल + धातु कार्बोनेट → लवण + जल + CO_2
- क्षार, मिथाइल ऑरेंज का रंग बदल देता है - पीले रंग में
- क्षार, गुलाबी रंग देता है - फिनॉल्फथेलिन के साथ
- सार्वभौमिक संकेतकों में, लाल रंग दर्शाता है 0 से 3 pH मान को
- अमोनियम हाइड्रॉक्साइड विलयन, बेकिंग पाउडर, चूना - क्षार हैं
- जल में अम्लीय विलयन विद्युत का संचालन करते हैं क्योंकि वे उत्पन्न करते हैं - हाइड्रोजन आयनों को
- नाइट्रोजन के ऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड कारण हैं - अम्लीय वर्षा का
- क्षारीय विलयन हल्दी संकेतक का रंग पीले से - लाल में बदल देता है
- मिथाइल ऑरेंज अम्लीय माध्यम में लाल और - क्षारीय माध्यम में पीला होता है
- वह पदार्थ जिससे अम्ल एवं क्षार की पहचान की जाती है, कहलाता है - सूचक या संकेतक
- अम्ल स्वाद में - खट्टे होते हैं
- क्षार स्वाद में - कड़वे होते हैं
- एल्यूमिनियम ऑक्साइड (Al_2O_3) एक - उभयधर्मी ऑक्साइड है
- जब pH मान 3 से 6 मे बदल जाता है, तो H^+ आयन की सांद्रता 1000 गुना कम हो जाती है
- जब सोडियम कार्बोनेट हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के साथ अभिक्रिया करता है, तो यह - लवण और कार्बन डाइऑक्साइड बनाता है
- नीला या लाल लिटमस पेपर जिसके संपर्क में आने पर अपना रंग नहीं बदलता, वह है - शुष्क HCl गैस
- कॉपर सल्फेट का जलीय विलयन - नीले लिटमस को लाल कर देता है
- 1×10^{-5} मोल प्रति लीटर के हाइड्रोजन आयन की सांद्रता वाले एक विलयन का pH मान - 5 होगा
- अमोनियम फॉस्फेट की प्रकृति - अम्लीय होती है
- ऐसे धातु ऑक्साइड जो अम्ल एवं क्षार दोनों के साथ अभिक्रिया करते हैं, कहलाते हैं - उभयधर्मी ऑक्साइड
- साधरण नमक (NaCl) बना होता है - प्रबल अम्ल और प्रबल क्षार से
- विलयन जिनके pH मान 0 (शून्य) होते हैं, वे - सबसे प्रबल अम्ल होते हैं
- वह प्रक्रिया जिसमें अम्ल और क्षार अभिक्रिया करके लवण और जल बनाते हैं - उदासीनीकरण
- सांद्र अम्ल के तनुकरण के लिए, जल को - सांद्र अम्ल में मिलाया जाता है
- सोडियम हाइड्रॉक्साइड (NaOH) की क्षारीय प्रकृति होती है - हाइड्रॉक्साइड आयनों के उपस्थिति के कारण
- वे अम्ल जिनमें ऑक्सीजन को छोड़कर हाइड्रोजन तथा अन्य अधात्विक तत्व होते हैं, कहलाते हैं - हाइड्रासिड्स
- शुष्क अमोनिया (NH_3) की कोई क्रिया नहीं होती है - लिट्मस पेपर पर

Police Exams

- N_2O, NO तथा CO - उदासीन ऑक्साइड हैं
- अधातुओं के वे ऑक्साइड जो जलीय विलयनों में महत्वपूर्ण रूप से अम्लीय या क्षारीय गुण प्रदर्शित नहीं करते हैं, कहलाते हैं - उदासीन ऑक्साइड
- उदासीनीकरण अभिक्रिया में एक नया पदार्थ बनता है, जिसे कहते हैं - लवण
- मैलिक अम्ल सबसे अधिक मात्रा में पाया जाता है - सेब में
- ऐसा पदार्थ जिसके जलीय विलयन का स्वाद खट्टा होता है, नीले लिटमस को लाल कर देता है तथा क्षारों को उदासीन करता है - अम्ल
- ऐसा पदार्थ जिसका जलीय विलयन कड़वा स्वाद देता है, लाल लिटमस को नीला कर देता है, और अम्लों को उदासीन करता है - क्षार
- ऐसा उदासीन पदार्थ जिसका जलीय विलयन लिटमस को प्रभावित नहीं करता है - लवण
- दही और सिरका का स्वाद खट्टा होता है क्योंकि इनमें - अम्ल होते है
- वह अम्ल जिसे रासायनिक भाषा में 'सिरका' कहा जाता है - एसिटिक अम्ल
- चींटी के काटने के दौरान त्वचा में अन्त:क्षेपित होने वाला अम्ल है - फॉर्मिक अम्ल
- म्यूरिएटिक अम्ल का रासायनिक सूत्र है - HCl
- "स्पर्श करने में साबुन जैसा, स्वाद में कड़वा और संक्षारक" गुण हैं - क्षार के
- बिछुआ पौधे की पत्तियां एसिड स्रावित करती हैं जिसे छूने पर दर्दनाक चुभन होती है - मेथेनोइक अम्ल
- अम्लीय विलयन का pH मान - 7 से कम होता है
- अंगूर में मुख्य रूप से पाया जाने वाला अम्ल है - टार्टरिक अम्ल
- किसी क्षारीय रसायन को हल्दी के पेस्ट से अभिक्रियित करने पर वह - लाल रंग प्राप्त कर लेता है
- वह पीएच सीमा जिसके भीतर मानव शरीर काम करता है - 7 से 7.8 तक
- चूने के पानी को दूधिया बनाने वाली गैस है - कार्बन डाइऑक्साइड
- अधातुओं के ऑक्साइड -अम्लीय प्रकृति के होते हैं
- कोई पदार्थ अम्लीय है या क्षारीय, यह परीक्षण करने के लिए किस रसायन का उपयोग किया जाता है? - सूचक का
- एसिटिक अम्ल, मैलिक अम्ल, साइट्रिक अम्ल - कार्बनिक अम्ल हैं
- अम्लीय वर्षा का तात्पर्य उस वर्षा से है जिसका pH मान - 5 से कम है

Defence Exams

- शून्य के बराबर pH वाले विलयन को क्या कहा

@ena_pdf

जाता है? - अत्यधिक अम्लीय घोल
- चूने के पानी में CO_2 गैस प्रवाहित करने पर प्राप्त अवक्षेप का रंग - सफेद होता है
- हाइपोब्रोमस अम्ल का रासायनिक सूत्र है - HOBr
- दन्तमंजन दांतों की सड़न को रोकता है - अतिरिक्त अम्लता को निष्क्रिय करके

State PCS Exams

- पोटैशियम आयोडाइड और साधारण नमक का मिश्रण है - आयोडीन युक्त नमक
- टेबल सॉल्ट या खाने का नमक (NaCl) बनता है - प्रबल अम्ल और प्रबल क्षार से
- एंटासिड होते हैं - क्षार
- बोरिक एसिड एक प्रकार का एसिड है जो अणु पानी से OH− आयनों को स्वीकार करता है और प्रोटॉन को छोड़ता है - लुईस एसिड
- शून्य के बराबर pH वाला विलयन होता है - अत्यधिक अम्लीय विलयन
- शुद्ध सोडियम क्लोराइड को जल में विलय करने पर प्राप्त विलयन का pH मान होता है - उदासीन
- जल में कार्बन डाइऑक्साइड प्रवाहित करने पर बना सोडा जल होता है - अम्लीय प्रकृति का
- लिटमस विलयन जब न तो अम्लीय होता है और न ही क्षारीय होता है तब उसका रंग होता है - बैंगनी

विद्युत रसायन

SSC Exams

- अशुद्ध धातुओं को परिष्कृत करने की सबसे व्यापक रूप से उपयोग की जाने वाली विधि है - वैद्युतअपघटनी परिष्करण
- फैटी एसिड के लवणों के घोल को इलेक्ट्रोलिसिस द्वारा हाइड्रोकार्बन तैयार करने की तकनीक का उपयोग किया गया था - हरमन कोल्बे द्वारा
- एक गैल्वेनिक सेल में, अर्ध-सेल जिसमें ऑक्सीकरण होता है उसे कहा जाता है - एनोड
- कोहलराउश नियम, सीमांत मोलर चालकता निर्धारित करने में मदद करता है - किसी भी इलेक्ट्रोलाइट के लिए
- एथेनोइक अम्ल एक - दुर्बल विद्युत अपघट्य है

Railway Exams

- इलेक्ट्रोलाइट का आयनों में टूटना आवश्यक है - विद्युत के प्रवाह के लिए
- बैटरी अम्ल का रासायनिक नाम है - सल्फ्यूरिक अम्ल
- विद्युत का उपयोग करके जल को ऑक्सीजन और हाइड्रोजन में विभाजित करने की प्रक्रिया को कहा जाता है - जल का विद्युत अपघटन
- शुष्क सेल में संग्रहित ऊर्जा - रासायनिक ऊर्जा के रूप में होती है

Police Exams

- "किसी विद्युत अपघट्य की सीमित दाढ़ चालकता उसके घटक आयनों की व्यक्तिगत सीमित दाढ़ चालकता के योग के बराबर होती है" यह संदर्भित करता है - कोहलराउश का नियम
- जल में अम्लीय और क्षारीय विलयन विद्युत का चालन करते हैं क्योंकि वे उत्पन्न करते हैं - क्रमशः हाइड्रोजन और हाइड्रॉक्साइड आयन

Defence Exams

- जस्ता से एक बर्तन पर विद्युत-लेपन की विधि में बनाया जाता है, जिसमें - बर्तन कैथोड (ऋण ध्रुव) और शुद्ध जस्ता एनोड (धन ध्रुव) होता है

State PCS Exams

- एल्युमीनियम-पृष्ठ को एनोडाइज्ड किया जाता है, इसका अर्थ है - एल्युमीनियम ऑक्साइड की परत का निक्षेपण होना

रासायनिक गतिकी एवं रासायनिक साम्यावस्था

SSC Exams

- संकेत (s), (l), (g) क्रमशः प्रतिनिधित्व करते हैं - ठोस, द्रव, गैसीय अवस्था का
- प्रतीक (⇌) का प्रयोग किया जाता है - उत्क्रमणीय अभिक्रियाओं के लिए
- प्रतीक (Δ) दर्शाता है कि अभिक्रिया को - ताप द्वारा गर्म किया गया है
- प्रतीक (+) का उपयोग किसको अलग करने के लिए किया जाता है? - एकाधिक अभिकारकों या उत्पादों को
- अभिक्रियाओं में प्रतीक (→) का उपयोग किसको अलग करने के लिए किया जाता है? - अभिकारकों को उत्पादों से

Railway Exams

- वह पदार्थ जो एक इलेक्ट्रॉन युग्म का त्याग करता है, कहलाता है - लुईस-क्षार
- वह पदार्थ जो एक इलेक्ट्रॉन युग्म को ग्रहण करता है, कहलाता है - लुईस-अम्ल
- बर्फ की तुलना में द्रव जल अधिक सघन होता है - हाइड्रोजन बंध के कारण

State PCS Exams

- जल के वाष्पन की अत्यधिक उच्च ऊष्मा मुख्यतः परिणाम है - हाइड्रोजन आबन्ध का
- जल के अणुओं के मध्य विद्यमान होता है - हाइड्रोजन आबन्ध

रासायनिक अभिक्रियाएं

SSC Exams

- खाना पकाना, कपड़े साफ़ करना, ईंधन जलाना, लोहे में जंग लगना, पौधों में प्रकाश संश्लेषण, पाचन, दहन उदाहरण हैं - रासायनिक अभिक्रियाओं के
- वह रासायनिक अभिक्रिया जिसमें इलेक्ट्रॉनों की प्राप्ति, या हाइड्रोजन का योग, या ऑक्सीजन का ह्रास होता है, वह कहलाती है - अपचयन अभिक्रिया
- $Fe + CuSO_4 \rightarrow FeSO_4 + Cu$ एक उदाहरण है - विस्थापन अभिक्रिया का
- ऐसी अभिक्रिया जिसमें अभिकारक मिलकर उत्पाद बनाते हैं और उत्पाद पुनः संयोजित होकर अभिकारक बनाते हैं, उसे कहते हैं - उत्क्रमणीय अभिक्रिया
- यीस्ट और हाइड्रोजन परॉक्साइड की अभिक्रिया से बनने वाले उत्पाद हैं - ऑक्सीजन और जल
- $MnO_2 + 4HCl \rightarrow MnCl_2 + 2H_2O + Cl_2$ एक - रेडॉक्स अभिक्रिया है
- लेड (Pb) कॉपर क्लोराइड के साथ अभिक्रिया करके कौन से उत्पाद बनातें हैं? - लेड क्लोराइड और कॉपर
- जल का विद्युत अपघटन एक उदाहरण है - अपघटन अभिक्रिया का
- चूना पत्थर और डायटोमेसियस पृथ्वी से प्राप्त उत्पाद है - कैल्शियम सिलिकेट (Ca_2SiO_4)
- वह रासायनिक अभिक्रिया जिसमें इलेक्ट्रॉनों का ह्रास, या हाइड्रोजन का निष्कासन, या ऑक्सीजन की प्राप्ति होती है, वह कहलाती है - ऑक्सीकरण अभिक्रिया
- वह अभिक्रिया जिसमें अपचयन तथा ऑक्सीकरण एक ही समय में होता है, वह कहलाती है - रेडॉक्स अभिक्रिया
- जिंक + सल्फ्यूरिक अम्ल → जिंक सल्फेट + ___ - हाइड्रोजन
- $CH_3CH_2OH + O_2 \rightarrow$ $CO_2 + H_2O$ + ऊष्मा और प्रकाश
- जब लेड नाइट्रेट को गर्म किया जाता है, तब जो गैस उत्पन्न होती है, वह है - नाइट्रोजन डाइऑक्साइड
- कैल्शियम कार्बोनेट, जल तथा कार्बन डाइऑक्साइड की अभिक्रिया का उत्पाद है - कैल्शियम हाइड्रोजन कार्बोनेट
- कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड कार्बन डाइऑक्साइड के साथ अभिक्रिया करके - चूना पत्थर बनाता है

Railway Exams

- $X + HCl \rightarrow NaCl + Y + H_2O$, यहाँ X और Y क्रमशः हैं - $NaHCO_3$, CO_2
- शुष्क बुझे चूने के साथ क्लोरीन की अभिक्रिया से बनता है - कैल्शियम ऑक्सीक्लोराइड
- वह अभिक्रिया जिसमें ऑक्सीकरण तथा अपचयन एक साथ होता है, कहलाती है - रेडॉक्स अभिक्रिया
- कोई भी अभिक्रिया, जो अघुलनशील अवक्षेप उत्पन्न करती है,कहलाती है - अवक्षेपण अभिक्रिया
- रासायनिक समीकरणों को संतुलित करने की आवश्यकता होती है - द्रव्यमान संरक्षण के नियम को संतुष्ट करने के लिए
- द्विविस्थापन अभिक्रिया $A + B \rightarrow AgBr + KNO_3$ में, A और B, क्रमशः हैं - $AgNO_3$ और KBr
- हाइड्रोजन तथा ऑक्सीजन से जल का निर्माण एक उदाहरण है - संयोजन अभिक्रिया का
- $A + B \rightarrow C$ प्रदर्शित करता है - संयोजन अभिक्रिया
- $2NaCl (aq) + 2 H_2O (l) \rightarrow 2 NaOH (aq) + Cl_2 (g) + H_2 (g)$ दर्शाता है - क्लोर-क्षार क्रिया को
- एक मैग्नीशियम रिबन वायु (ऑक्सीजन) में चमकदार लौ के साथ जलता है और एक सफेद पदार्थ में बदल जाता है, जो है - मैग्नीशियम ऑक्साइड (MgO)

@apna_pdf

- अभिक्रिया $2Al + Fe_2O_3 \rightarrow Al_2O_3 + 2Fe$, में Fe_2O_3 और Al क्रमशः किस रूप में कार्य करते हैं? - ऑक्सीकरण और अपचयन के रूप में
- अभिक्रिया $Mg(OH)_2 + 2HCl \rightarrow MgCl_2 + 2H_2O$ एक उदाहरण है - उदासीनीकरण अभिक्रिया का
- अभिक्रिया, $ZnO + C \rightarrow Zn + CO$ में - ZnO , Zn में अपचयित हो जाता है
- अभिक्रिया, $Fe_2O_3 + 3CO \rightarrow 2Fe + 3CO_2$ में, CO कार्य करता है - एक अपचायक के रूप में
- एथेनॉल से एथेनोइक अम्ल में परिवर्तन एक उदाहरण है - ऑक्सीकरण अभिक्रिया का
- अभिक्रिया, $AgX + NaCl \rightarrow AgY + NaNO_3$ में, X और Y दर्शाते हैं - NO_3 और Cl को
- उदासीनीकरण अभिक्रिया, $Ca(OH)_2 + A \rightarrow CaCl_2 + H_2O$ में, अभिकारक A है - HCl
- $ZnCO_3 \rightarrow ZnO + CO_2$ एक उदाहरण है - तापीय अपघटन अभिक्रिया का
- एक उदासीनीकरण अभिक्रिया में, उत्पाद लिथियम सल्फेट और जल हैं, तो अभिकारक होंगे - सल्फ्यूरिक अम्ल और लिथियम हाइड्रॉक्साइड
- $HCl (aq) + NaOH (aq) \rightarrow NaCl (aq) + H_2O (l)$ एक उदाहरण है - उदासीनीकरण अभिक्रिया का
- $CuSO_4 + Ca \rightarrow$ का उत्पाद होगा - $CaSO_4 + Cu$
- अभिक्रिया $2AgCl \rightarrow 2Ag (s) + Cl_2 (g)$ सम्पन्न होने के लिए उपयुक्त स्थिति किसकी उपस्थिति में होती है? - सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में
- अभिक्रिया $N_2 + xH_2 \rightarrow 2NH_3$ में, x का मान है - 3
- यदि कोई पदार्थ किसी अभिक्रिया के दौरान हाइड्रोजन त्याग देता है, तो वह - ऑक्सीकृत हो जाता है
- $2H_2O \rightarrow 2H_2 + O_2$ एक उदाहरण है - विद्युत अपघटन अभिक्रिया का
- $CuSO_4 + Mg \rightarrow MgSO_4 + Cu$ एक उदाहरण है - विस्थापन अभिक्रिया का
- $2KI + Cl_2 \rightarrow 2KCl + I_2$ एक उदाहरण है - विस्थापन अभिक्रिया का
- अभिक्रिया की स्थितियाँ दर्शाई जाती हैं - तीर के ऊपर और/या नीचे
- बुझे हुए चूने का निर्माण, प्राकृतिक गैस का जलना, श्वसन उदाहरण हैं - ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया का
- एक संतुलित रासायनिक अभिक्रिया, $aFe + bH_2O \rightarrow cFe_3O_4 + dH_2$ में, a, b, c और d क्रमशः हैं 3,4,1,4
- जब मैग्नीशियम धातु का एक टुकड़ा कॉपर सल्फेट के विलयन में रखा जाता है, तो कॉपर सल्फेट के विलयन का नीला रंग - फीका पड़ जाता है
- यदि कोई पदार्थ किसी अभिक्रिया के दौरान हाइड्रोजन प्राप्त करता है, तो वह - अपचयित हो जाता है
- ब्लीचिंग पाउडर तनु अम्ल के साथ अभिक्रिया करके - क्लोरीन उत्पन्न करता है
- यदि कोई पदार्थ किसी अभिक्रिया के दौरान ऑक्सीजन प्राप्त करता है, तो वह - ऑक्सीकृत हो जाता है
- सिल्वर क्लोराइड पराबैंगनी विकिरण की उपस्थिति में प्रकाश अपघटन अभिक्रिया से होकर - सिल्वर और क्लोरीन गैस बनाता है
- मेथेन और क्लोरीन गैस से मिथाइल क्लोराइड का निर्माण एक प्रकार है - विस्थापन अभिक्रिया का
- सांद्र सल्फ्यूरिक अम्ल के साथ कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड की अभिक्रिया से उत्पन्न होगा - कैल्शियम सल्फेट
- अभिक्रिया, $2ZnO (s) + C (s) \rightarrow 2 Zn (s) + CO_2 (g)$ में, वे पदार्थ जो ऑक्सीकृत और अपचयित होते हैं, क्रमशः, हैं - C और Zn
- जब Zn धातु की एक पट्टी $CuSO_4$ विलयन में रखी जाती है, तब - Zn, $CuSO_4$ से Cu को विस्थापित करता है
- किसी तत्व का ऑक्सीजन की उपस्थिति में जलना एक गुण है - दहन अभिक्रिया का
- $CuSO_4 (aq) + BaCl_2 (aq) \rightarrow BaSO_4 (s) + CuCl_2 (aq)$ एक उदाहरण है - अवक्षेपण अभिक्रिया का
- चूना पत्थर (s) $\rightarrow P + CO_2 (g)$ अभिक्रिया में P है - CaO (s)
- चूना पत्थर (कैल्शियम कार्बोनेट) का रासायनिक सूत्र है - $CaCO_3$
- अभिक्रिया, $CuSO_4 + Mg \rightarrow MgSO_4 + Cu$ में, Mg कार्य करता है - एक अपचायक के रूप में
- सोडियम सल्फाइड ,तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के साथ अभिक्रिया करके एक दुर्गंधयुक्त गैस उत्पन्न करता है, जो है - H_2S
- $NaCl + H_2O + CO_2 + NH_3 \rightarrow NH_4Cl + NaHCO_3$ किसकी अभिक्रिया है? - बेकिंग सोडा के निर्माण की
- भोजन को वायुरोधी कंटेनर में रखने से धीमा हो जाता है - ऑक्सीकरण
- रासायनिक समीकरण में, तीर का सिर इंगित करता है - उत्पाद की ओर
- द्विविस्थापन अभिक्रियाओं में किसका आदान-प्रदान होता है? - दो अभिकारकों के बीच आयनों का
- अभिक्रिया, $MnO_2 + 4HCl \rightarrow MnCl_2 + 2H_2O + Cl_2$ में, MnO_2 अपचयित हो जाता है - $MnCl_2$ में
- अभिक्रिया , $CO (g) + 2H_2 (g) \rightarrow$ का उत्पाद होगा - CH_3OH
- संयोजन अभिक्रिया, $SO_3 + H_2O \rightarrow$ का उत्पाद होगा - H_2SO_4
- हिट एंड ट्रायल विधि है - रासायनिक समीकरण को संतुलित करने की
- अभिक्रिया, $CuO + H_2 \rightarrow Cu + H_2O$ में, ऑक्सीकृत हुआ अभिकारक है - H_2
- संक्षारण एक प्रकार है - ऑक्सीकरण अभिक्रिया का
- अभिक्रिया, $ZnO + C \rightarrow Zn + CO$ में, ZnO अपचयित होता है - Zn में
- $2AgBr(s) +$ सूर्य का प्रकाश $\rightarrow 2Ag(s) + ?$ - Br_2 (g)
- सिल्वर नाइट्रेट और सोडियम क्लोराइड अभिक्रिया करके - सिल्वर क्लोराइड का सफेद अवक्षेप बनाते हैं
- $2NaOH + CuSO_4 \rightarrow X + Na_2SO_4$, यहाँ X होगा - $Cu(OH)_2$
- आभूषणों का धूमिल होना एक उदाहरण है - ऑक्सीकरण अभिक्रिया का
- जब कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड विलयन को वायु में खुला छोड़ दिया जाता है, तो - $CaCO_3$ बनता है
- कॉपर सल्फेट के विलयन में एल्युमीनियम के कण मिलाने से विलयन का रंग बदल जाता है जो संकेत देता है - $Al_2(SO_4)_3$ के निर्माण का
- अभिक्रिया, $Na_2SO_4(aq) + BaCl_2(aq) \rightarrow BaSO_4(s) + 2NaCl(aq)$ में, जो उत्पाद विलयन में रह जाता है, वह है - NaCl
- कार्बन का उपयोग करके अपचयन द्वारा प्राप्त धातुएँ हैं - Zn, Fe, Cu
- कॉपर ऑक्साइड की HCl के साथ अभिक्रिया से - $CuCl_2$ प्राप्त होता है
- CO (g) 340 atm दाब पर H_2 (g) के साथ अभिक्रिया करके - CH_3OH बनाता है
- बेरियम सल्फेट ($BaSO_4$) - जल में अविलेय है
- $BaSO_4$ का निर्माण होता है - SO_4^{2-} and Ba^{2+} की अभिक्रिया से
- जिंक के कण तनु सल्फ्यूरिक अम्ल के साथ अभिक्रिया करके - $ZnSO_4$ बनाते हैं
- क्लोर-क्षार अभिक्रिया के दौरान, जो आयन कैथोड की ओर स्थानांतरित होता है, वह है - Na^+
- जिंक ऑक्साइड, कार्बन के साथ अभिक्रिया करता है, जिसके परिणामस्वरूप जो गैस निकलती है, वह है - कार्बन मोनोऑक्साइड
- $Pb (s) + CuCl_2 (aq) \rightarrow PbCl_2 (aq) + Cu (s)$ एक उदाहरण है - विस्थापन अभिक्रिया का
- Pb तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के साथ अभिक्रिया करता है और मुक्त करता है - हाइड्रोजन गैस को
- जब $CuSO_4$ विलयन Zn धातु के साथ अभिक्रिया करता है, तो - $ZnSO_4$ का एक जलीय विलयन बनता है
- जब फेरस सल्फेट ($FeSO_4$) को गर्म किया जाता है, तो एक ठोस पदार्थ बनता है जो है - फेरिक ऑक्साइड (Fe_2O_3)
- $Pb(NO_3)_2 (aq) + 2KI (aq) \rightarrow X+Y$, इस अभिक्रिया में X और Y क्रमशः हैं - लेड आयोडाइड {PbI_2 (s)} और पोटैशियम नाइट्रेट {$2KNO_3$ (aq)}
- एक संतुलित रासायनिक समीकरण में, समीकरण के दोनों पक्षों का द्रव्यमान - समान होना चाहिए
- एक संतुलित रासायनिक समीकरण सदैव पालन करता है - द्रव्यमान संरक्षण के नियम का
- जब बिना बुझा हुआ चूना जल के साथ तीव्र अभिक्रिया करता है तो यह अभिक्रिया कहलाती है - ऊष्माक्षेपी
- जब कैल्शियम ऑक्साइड जल के साथ अभिक्रिया करता है, तो उत्पाद बनता है - बुझा हुआ चूना या कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड {$Ca(OH)_2$}
- $NaOH + CH_3COOH \rightarrow A + B$, में A और B क्रमशः हैं - CH_3COONa और H_2O
- $Pb(NO_3)_2 +$ KI एक उदाहरण है - अवक्षेपण अभिक्रिया का
- अभिक्रिया, $Fe(s) + CuSO_4(aq) \rightarrow FeSO_4(aq) + Cu(s)$ में, आयरन (Fe) ने विस्थापित किया है - कॉपर (Cu) को

@pinnacle_pdf

- सफेद सिल्वर क्लोराइड सूर्य के प्रकाश में परिवर्तित हो जाता है - धूसर (ग्रे) रंग में
- आयरन, कॉपर सल्फेट से कॉपर को विस्थापित करता है - अपनी उच्च क्रियाशीलता के कारण
- अवक्षेपण अभिक्रियाएँ तब होती हैं जब एक अभिकारक का धनायन और दूसरे अभिकारक का ऋणायन मिलकर - एक अविलेय आयनिक ठोस बनाते हैं
- जलीय सोडियम क्लोराइड के विद्युत अपघटन के दौरान, Cl_2 और H_2 गैसें निकलती हैं - क्रमशः एनोड और कैथोड पर
- सोडियम क्लोराइड अमोनिया और जल की उपस्थिति में CO_2 के साथ अभिक्रिया करके - $NaHCO_3$ बनाता है
- अभिक्रिया, $ZnO + C \rightarrow Zn + CO$ में - ZnO अपचयित हो जाता है
- अभिक्रिया, $MnO_2 + 4HCl \rightarrow MnCl_2 + 2H_2O + Cl_2$ में, जो पदार्थ ऑक्सीकृत हुआ है, वह है - HCl
- बेरियम क्लोराइड, एल्यूमीनियम सल्फेट के साथ अभिक्रिया करके - ठोस $BaSO_4$ बनाता है
- चूने के जल को दूधिया बनाने वाली गैस है - कार्बन डाइऑक्साइड (CO_2)
- जब कैल्शियम कार्बोनेट ($CaCO_3$) को गर्म किया जाता है तो जो उत्पाद बनता है, वह है - बिना बुझा चूना (CaO)
- वायु की उपस्थिति में मैग्नीशियम को जलाने से - मैग्नीशियम ऑक्साइड बनता है
- वायु की उपस्थिति में मैग्नीशियम का जलना एक प्रकार है - ऑक्सीकरण अभिक्रिया का
- कैल्शियम कार्बोनेट को गर्म करना एक उदाहरण है - अपघटन अभिक्रिया का
- कोयले का जलना तथा बुझे हुए चूने का बनना उदाहरण हैं - संयोजन अभिक्रिया के
- सल्फाइड आयन बनता है सल्फर के - अपचयन के कारण
- अभिक्रिया, $2KBr + BaI_2 \rightarrow 2KI + BaBr_2$ में, अविलेय पदार्थ - $BaBr_2$ है
- चूना पत्थर के तापीय अपघटन के दौरान उत्पन्न होने वाली गैस है - कार्बन डाइऑक्साइड
- Pb, Fe, Cu के ऑक्साइड को अपचयित किया जा सकता है - H_2, CO और C द्वारा
- जब कॉपर ऑक्साइड को तनु HCl मे मिलाया जाता है, तब अम्ल का रंग नीले-हरे में परिवर्तित हो जाता है - कॉपर (II) क्लोराइड के निर्माण के कारण
- चूने के जल में वायु के बुलबुले इसे दूधिया बना देते हैं - कैल्शियम कार्बोनेट के अविलेय निलंबन के कारण
- कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड संयोजन है - CaO + H_2O का
- दी गई अभिक्रिया, $Pb(s) + CuCl_2(aq) \rightarrow PbCl_2(aq) + Cu(s)$ में, Cl_2 कार्य करता है - एक आयन के रूप में
- इलेक्ट्रॉनों का ग्रहण या ऑक्सीजन का निष्कासन या हाइड्रोजन का योग कहलाता है - अपचयन
- इलेक्ट्रॉनों का त्याग या ऑक्सीजन का योग या हाइड्रोजन का निष्कासन कहलाता है - ऑक्सीकरण
- द्विविस्थापन अभिक्रिया घटित होती है - आयनिक यौगिकों के बीच
- जिंक से जिंक आयन का निर्माण - ऑक्सीकरण के कारण होता है
- सोडियम (Na), क्लोरीन (Cl) के साथ अभिक्रिया करके - साधारण लवण (NaCl) बनाता है
- लवणीय-जल (NaCl) के विद्युत्-अपघटन के दौरान, जो गैसें उत्पन्न होती हैं वे हैं - क्लोरीन और हाइड्रोजन
- जिंक सल्फ्यूरिक अम्ल के साथ अभिक्रिया करके जिंक सल्फेट बनाता है और जो गैस उत्पन्न होती है, वह है - हाइड्रो
- एक रंगहीन गैस जो पॉप ध्वनि के साथ जलती है, वह है - हाइड्रोजन गैस
- अवक्षेपण अभिक्रियाएँ एक विशिष्ट वर्ग हैं - द्विविस्थापन अभिक्रियाओं के
- लवण जल (ब्राइन) के विद्युत् अपघटन से निर्माण होता है - सोडियम हाइड्रॉक्साइड का
- धावन सोडा बनाने के लिए जिन कच्चे माल का उपयोग किया जाता है, वे हैं - लवण जल , चूना पत्थर, अमोनिया
- $Na_2CO_3(aq) + CaCl_2(aq) \rightarrow CaCO_3(s) + 2NaCl(aq)$ एक उदाहरण है - द्विविस्थापन और अवक्षेपण अभिक्रिया का
- CO तथा O_2 से CO_2 का निर्माण एक उदाहरण है - संयोजन अभिक्रिया का
- दूध में नींबू की बूंदें मिलाने पर - अवक्षेपण अभिक्रिया होती है
- दो आयनों के आदान-प्रदान से होने वाली अभिक्रिया है - द्विविस्थापन अभिक्रिया
- विस्थापन अभिक्रिया में, अधिक अभिक्रियाशील धातु विस्थापित करता है - कम अभिक्रियाशील धातु को
- एथेनॉल का एसिटिक अम्ल में परिवर्तन, एक उदाहरण है - ऑक्सीकरण अभिक्रिया का
- दी गई अभिक्रिया, $Fe_2O_3(s) + 2Al(s) \rightarrow Al_2O_3(s) + 2Fe(l)$ में - Fe_2O_3 , Fe में अपचयित हो जाता है
- कार्बनीकरण, जलयोजन, ऑक्सीकरण, ये सभी - रासायनिक अपक्षय प्रक्रिया हैं
- एक विलयन जो चाक पाउडर के साथ अभिक्रिया करके एक गैस उत्पन्न करता है जो चूने के जल को दूधिया बना देती है, वह विलयन है - हाइड्रोक्लोरिक अम्ल (HCl)
- तापमान में प्रति 10°C की वृद्धि होने पर , रासायनिक अभिक्रिया की दर हो जाती है - दोगुनी
- NaCl और NH_4Cl के मिश्रण को अलग करने के लिए जिस विधि का उपयोग किया जाता है, वह है - उर्ध्वपातन
- वह पदार्थ जो चांदी की वस्तु को वायु की उपस्थिति में काला कर देता है - सल्फर
- CO_2 के ठोस रूप को - शुष्क बर्फ कहते हैं
- सोडियम एक क्रियाशील धातु है, जो खुला रखे जाने पर ऑक्सीजन के साथ अभिक्रिया करके - आग पकड़ लेता है
- पदार्थ के आकार में परिवर्तन - रासायनिक परिवर्तन नहीं है
- कपूर, नेफ्थलीन, अमोनियम क्लोराइड, आयोडीन और शुष्क बर्फ उदाहरण हैं - उर्ध्वपातन के
- रासायनिक अभिक्रिया में कथन "द्रव्यमान को न तो बनाया जा सकता है और न ही नष्ट किया जा सकता है" किस नियम में कहा गया है? - द्रव्यमान के संरक्षण के नियम में
- वे अभिक्रियाएँ जिनमें उत्पादों के साथ ऊष्मा भी उत्सर्जित होती है, कहलाती हैं - ऊष्माक्षेपी अभिक्रियाएँ
- एथेनॉल, सोडियम के साथ अभिक्रिया करके - हाइड्रोजन गैस उत्पन्न करता है
- उत्प्रेरक के रूप में निकेल का उपयोग करके, वनस्पति तेलों का हाइड्रोजनीकरण किया जाता है - योगात्मक अभिक्रिया मे
- $BaCl_2 + (NH_4)_2SO_4 \rightarrow BaSO_4 + 2NH_4Cl$ एक उदाहरण है - अवक्षेपण अभिक्रिया का
- फेरस सल्फेट का अपघटन एक उदाहरण है - ऊष्माशोषी अभिक्रिया का
- जब कोई अपघटन अभिक्रिया, ताप का उपयोग करके सम्पन्न की जाती है, तो इसे - तापीय अपघटन कहा जाता है
- $MnO_2 + 4HCl \rightarrow MnCl_2 + 2H_2O + Cl_2$ एक उदाहरण है - रेडॉक्स अभिक्रिया का
- कैल्शियम कम तीव्रता से अभिक्रिया करता है - जल के साथ
- सोडियम सल्फेट और बेरियम क्लोराइड विलयन की अभिक्रिया एक उदाहरण है - द्विविस्थापन अभिक्रिया का
- एक रासायनिक अभिक्रिया के दौरान परमाणु क्रमांक - समान रहते हैं
- अभिक्रिया, $MgO + CO \rightarrow Mg + CO_2$ में, ऑक्सीकृत पदार्थ है - कार्बन मोनोऑक्साइड (CO)
- वात्या भट्टी में, आयरन के ऑक्साइड को अपचयित किया जाता है - कार्बन मोनोऑक्साइड द्वारा
- एथेनॉल को 443 K पर सांद्रित H_2SO_4 के साथ गर्म करने पर - एथीन प्राप्त होता है
- दी गई अभिक्रिया , $PbO_2 + 4HCl \rightarrow PbCl_2 + 2H_2O + Cl_2$ में, किसका ऑक्सीकरण हो रहा है? - हाइड्रोक्लोरिक अम्ल (HCl) का
- $Na_2CO_3 + 2HCl \rightarrow A + B + C$, यहाँ A, B और C, क्रमशः , हैं - 2NaCl, CO_2 , H_2O
- सोडियम हाइड्रॉक्साइड, बेकिंग सोडा, वाशिंग सोडा बनाने में उपयोग किया जाने वाला लवण है - सोडियम क्लोराइड
- जल का विद्युत अपघटन एक प्रकार है - अपघटन अभिक्रिया का
- एक विशिष्ट प्रकार की रेडॉक्स अभिक्रिया जिसमें एक प्रजाति को दो अलग-अलग उत्पादों को बनाने के लिए एक साथ अपचयित तथा आक्सीकृत किया जाता है, वह कहलाती है - असमानुपातन अभिक्रिया
- जिंक और सोडियम हाइड्रॉक्साइड की अभिक्रिया से - सोडियम जिंकेट (Na_2ZnO_2) बनता है
- हाइड्रोजन के साथ कॉपर ऑक्साइड की अभिक्रिया एक - रेडॉक्स अभिक्रिया है
- सोडियम हाइड्रॉक्साइड, हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के साथ अभिक्रिया करके - सोडियम क्लोराइड बनाता है
- तांबे के बर्तनों पर हरे रंग की परत किसके मिश्रण के बनने के कारण होती है? - कॉपर हाइड्रॉक्साइड और कॉपर कार्बोनेट के
- 'वोल्टाइक सेल' को कहा जाता है - गैल्वेनिक सेल
- खाद्य पदार्थों में विकृत गंधिता (रैंसिडिटी), का मुख्य कारण है - वसा और तेल का ऑक्सीकरण
- अभिक्रिया, $H_2O_2 + Cl_2 \rightarrow 2HCl + O_2$ में,

@anna_pdf

H_2O_2 कार्य करता है - एक अपचायक के रूप में
- अमोनियम नाइट्रेट, तापीय अपघटन पर क्या उत्पन्न करता है?
- N_2O (नाइट्रस ऑक्साइड) और H_2O
- $SnCl_2 + 2HgCl_2 \rightarrow Hg_2Cl_2 + SnCl_4$, इस अभिक्रिया में - $SnCl_2$ ऑक्सीकृत हुआ है
- लेड नाइट्रेट को अत्यधिक गर्म करने पर उत्पन्न होने वाली लाल-भूरे रंग की गैस का क्या नाम है? - नाइट्रोजन डाइऑक्साइड
- जब सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट को गर्म किया जाता है तो जो गैस उत्पन्न होती है, वह है - कार्बन डाइऑक्साइड
- $CuO + H_2 \rightarrow Cu + H_2O$ एक उदाहरण है - रेडॉक्स अभिक्रिया का
- जब चूने के जल में कार्बन डाइऑक्साइड प्रवाहित किया जाता है, तो किसके बनने के कारण यह दूधिया हो जाता है ? - कैल्शियम कार्बोनेट के बनने के कारण
- जब धावन सोडा को हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के साथ अभिक्रियित किया जाता है, तो तेज बुदबुदाहट के साथ निकलने वाली गैस होती है - CO_2
- जब कैल्शियम को जल के साथ अभिकृत किया जाता है, तो यह कम तीव्रता के साथ अभिक्रिया करती है, और उत्पन्न करती है - H_2 गैस
- बिना बुझा हुआ चूना जल के साथ अभिक्रिया करके - बुझा हुआ चूना बनाता है
- मक्खन का बासी या खट्टा हो जाना एक - रासायनिक अभिक्रिया है
- ब्लीचिंग पाउडर, जल के साथ अभिक्रिया करके - क्लोरीन गैस बनाता है
- जब लोहे को आर्द्र वायु के संपर्क में लाया जाता है, तो हाइड्रेटेड आयरन (III) ऑक्साइड (Fe_2O_3) की लाल-भूरे रंग की परत इसकी सतह पर जमा हो जाती है, जिसे कहा जाता है - मोरचा या जंग लगना
- एक असंतुलित रासायनिक समीकरण को - कंकाली रासायनिक समीकरण कहते हैं
- H_2S वायु में जलकर - H_2O और SO_2 उत्पाद देता है

Police Exams

- एक ऐसी रासायनिक अभिक्रिया जिसमें अधिक अभिक्रियाशील धातु कम अभिक्रियाशील धातु को विस्थापित करती है - विस्थापन अभिक्रिया
- एक ऐसी अभिक्रिया जिसमें एक यौगिक दो या दो से अधिक सरल पदार्थों में टूट जाता है - अपघटन अभिक्रिया
- एक ऐसी रासायनिक अभिक्रिया जहाँ एक अम्ल और एक क्षार एक दूसरे के साथ मात्रात्मक रूप से अभिक्रिया करते हैं - उदासीनीकरण अभिक्रिया
- एक ऐसी रासायनिक अभिक्रिया जिसमें दो प्रजातियों के बीच इलेक्ट्रॉनों का स्थानांतरण शामिल होता है - रेडॉक्स अभिक्रिया
- वह अभिक्रिया जिसमें अभिकारकों में तत्वों के परमाणुओं को प्रतिस्थापित करके उत्पाद में नए तत्व बनाए जाते हैं, कहलाती है - प्रतिस्थापन अभिक्रिया
- चूने के पानी में कार्बन डाइऑक्साइड गैस प्रवाहित करने पर बनने वाला सफेद अवक्षेप है - कैल्शियम कार्बोनेट ($CaCO_3$)
- वायु की अधिकता में दहन करने पर लिथियम मुख्य रूप से - ऑक्साइड बनाता है

Defence Exams

- बिना बुझे हुए चूने (CaO) की जल के साथ अभिक्रिया करने से बुझा हुआ चूना $\{Ca(OH)_2\}$ उत्पन्न होता है, यह एक उदाहरण है - ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया का
- चाँदी की कलाकृतियाँ वायु में किस कारण धूमिल हो जाती हैं ? - सिल्वर सल्फाइड के बनने से
- कॉपर सल्फेट के घोल (विलयन) में डुबोई गई लोहे की कील कुछ समय बाद भूरे रंग की हो जाती है, इसका कारण है - विस्थापन प्रतिक्रिया
- गर्म करने पर लेड नाइट्रेट $[Pb(NO_3)_2]$ उत्पन्न करता है - लेड ऑक्साइड (PbO) और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड (NO_2)
- जब कॉपर वायु में नम कार्बन डाइऑक्साइड (CO_2) के साथ अभिक्रिया करता है, तब वह किस विलयन की हरी परत बनाता है? - क्यूप्रिक कार्बोनेट की
- चाँदी की वस्तुएँ किसके साथ अभिक्रिया करके काली हो जाती हैं? - सल्फर के साथ
- रेलवे पटरियों को जोड़ने में आयरन ऑक्साइड की अभिक्रिया किसके साथ कराई जाती है? - एल्यूमीनियम के साथ
- सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट और सल्फ्यूरिक अम्ल का घोल, रासायनिक संरचना है - सोडा-एसिड अग्निशामक यंत्र का

State PCS Exams

- $CO_2 + H_2O \rightarrow H_2CO_3$ उदाहरण है - ऑक्सीकरण अभिक्रिया का
- जब एक क्षारीय धातु जल के साथ अभिक्रिया करती है, तो - हाइड्रोजन गैस उत्पन्न होती है
- चूने के पानी में CO_2 गैस प्रवाहित करने पर प्राप्त अवक्षेप का रंग होता है - सफेद
- कॉपर वायु में आर्द्र कार्बन डाइऑक्साइड (CO_2) के साथ प्रतिक्रिया करता है, यह बनाता है - कॉपर कार्बोनेट की हरी परत
- बुझा हुआ चूना $\{Ca(OH)_2\}$ बनाने के लिए बिना बुझे चूने (CaO) की जल के साथ अभिक्रिया उदाहरण है - उष्माक्षेपी अभिक्रिया का
- गरम होने पर लेड नाइट्रेट देता है - PbO और NO_2

रासायनिक गुण

SSC Exams

- फेल्डस्पार एक खनिज है जो बना है - एल्यूमिनियम ऑक्साइड (Al_2O_3) से
- सामान्य तापमान और वायुमंडलीय दाब पर 1.87 किग्रा/घन मीटर घनत्व वाली गैस जो 31 डिग्री सेल्सियस के क्रांतिक तापमान से नीचे तरल रूप में मौजूद होती है, वह है - कार्बन डाईऑक्साइड
- वायु से 1.5 गुना भारी गैस है - कार्बन डाइऑक्साइड
- एक गंधहीन, रंगहीन, स्वादहीन और रासायनिक रूप से अक्रियाशील गैस जिसका आविष्कार डैनियल रदरफोर्ड ने 1772 में किया था - नाइट्रोजन
- लेड ऑक्साइड (PbO), ऑक्सीजन (O_2), और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड (NO_2) किसके अपघटन अभिक्रिया के उत्पाद हैं? - लेड नाइट्रेट $\{Pb(NO_3)_2\}$ के
- जंग (Rust) का रासायनिक नाम है - हाइड्रेटेड फेरिक ऑक्साइड ($Fe_2O_3 .xH_2O$)
- एक प्रयोगशाला अभिकर्मक के रूप में और शुष्क बैटरी में एक विध्रुवण के रूप में उपयोग किया जाने वाला यौगिक है - कैलोमल
- जब मैग्नीशियम ऑक्सीजन की उपस्थिति में जलता है तो लौ का रंग कैसा होता है? - सफेद
- एक बर्तन जब लंबे समय तक नम हवा के संपर्क में रहता है तो उस पर फीकी हरी परत चढ़ जाती है, वह बर्तन किस तत्व का बना हो सकता है? - तांबे का
- सोडियम सल्फेट और बेरियम क्लोराइड की अभिक्रिया में एक सफेद अवक्षेप बनता है, जिसे कहा जाता है - बेरियम सल्फेट
- सोडियम, लिथियम और पोटैशियम की अत्यधिक अभिक्रियाशील प्रकृति के कारण इन्हें - केरोसिन में संग्रहीत किया जाता है
- जिप्सम को 373 K पर गर्म करने पर यह जल के अणुओं का त्याग कर देता है और - कैल्शियम सल्फेट हेमीहाइड्रेट का निर्माण करता है
- लेड नाइट्रेट $\{Pb(NO_3)_2\}$ को गर्म करने पर उत्पन्न होने वाली गैसें हैं - नाइट्रोजन डाइऑक्साइड और ऑक्सीजन
- सफेद सिल्वर क्लोराइड सूर्य के प्रकाश में धूसर (ग्रे) रंग में परिवर्तित हो जाता है, जिसका कारण - सिल्वर क्लोराइड का अपघटन है
- किसके ज्वलन प्रक्रिया में कार्बन डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन के आक्साइड्स, सल्फर डाइऑक्साइड गैसें उत्सर्जित होती हैं? - प्राकृतिक गैस के
- बिना बुझा हुआ चूना (कैल्शियम ऑक्साइड) किसके अपघटन से बनता है? - कैल्शियम कार्बोनेट के
- ट्राइटियम तीन गुना भारी है - हाइड्रोजन नाभिक से
- एलोक्रोमैटिक खनिज रंगीन होते हैं - अशुद्धियों के कारण
- चांदी वायु के संपर्क में आने के बाद काला रंग प्राप्त कर लेती है क्योंकि यह वायु में उपस्थित - सल्फर से अभिक्रिया करती है
- संक्षारण एक - विद्युतरासायनिक प्रक्रिया है
- कांच में मिलाने पर कोबाल्ट ऑक्साइड - नीला रंग प्रदान करता है
- एल्युमिनियम की एक मोटी ऑक्साइड परत बनने की प्रक्रिया को कहा जाता है - एनोडाइजिंग
- ड्यूटीरियम को ऑक्सीजन के साथ जलाने पर क्या प्राप्त होता है? - भारी जल
- वह पदार्थ जो दहन के समय ऊष्मा के रूप में ऊर्जा प्रदान करता है - ईंधन
- पदार्थों का किण्वन एक उदाहरण है - रासायनिक परिवर्तन का
- जल की विशिष्ट ऊष्मा क्षमता है $4186\ Jkg^{-1}K^{-1}$
- कार्बन की विशिष्ट ऊष्मा क्षमता है $506.5\ Jkg^{-1}K^{-1}$
- टंगस्टन की विशिष्ट ऊष्मा क्षमता है $134.4\ Jkg^{-1}K^{-1}$
- क्लोरोफॉर्म एवं मेथेन के क्वथनांक, क्रमशः हैं 334 K एवं 111 K
- एसिटिक अम्ल का गलनांक होता है 290 K

@ajna_pdf

- एथेनॉल का गलनांक है 156 K
- एथेनॉल का क्वथनांक है 351 K
- क्षारीय प्रबलता के अनुसार, NO_3^-, Cl^-, Br^- और I^- का अवरोही क्रम है - $NO_3^- > Cl^- > Br^- > I^-$
- CaO का क्वथनांक और गलनांक, क्रमशः हैं 2850 °C और 2572 °C
- NaCl का क्वथनांक और गलनांक, क्रमशः हैं 1465°C और 801°C
- जब एक लोहे की कील को नीले रंग के कॉपर सल्फेट के विलयन में डुबोया जाता है, तो वह बदल जाता है - हरे रंग में
- रासायनिक लेवनर द्वारा पकी हुई चीजों को हल्का और वातित करने के लिए जिस गैस का उपयोग किया जाता है, वह है - कार्बन डाइऑक्साइड
- नाइट्रस ऑक्साइड (N_2O), नाइट्रिक ऑक्साइड (NO), कार्बन मोनोऑक्साइड (CO) - उदासीन ऑक्साइड हैं
- एक नम्य धातु जो वायु में प्रज्वलित होती है और जल के साथ तीव्र रूप से अभिक्रिया करती है जिसकी आवर्त सारणी में परमाणु संख्या 37 है, वह है - रूबिडियम (Rb)
- सायनाइड्स तेजी से कार्य करने वाले विष हैं जिनका रासायनिक सूत्र है - CN^-
- बेरियम नाइट्रेट का उपयोग सिग्नल फ्लेयर्स और आतिशबाजी में किया जाता है जो की जलते हैं - चमकीले हरे रंग में
- जल का क्वथनांक 100°C होता है - समुद्र तल पर
- माउंट एवरेस्ट की चोटी पर कम वायुमंडलीय दाब में, शुद्ध जल लगभग उबलता है 154 °F (68°C) पर
- जल, इथेनॉल, अमोनिया, सल्फर डाइऑक्साइड, हाइड्रोजन सल्फाइड - ध्रुवीय अणु हैं
- जस्ता, टिन, सीसा, चांदी में से जिसका गलनांक सबसे कम होता है, वह है - टिन
- एबोनाइट, कांच तथा ड्राई पेपर - ऊष्मा के कुचालक हैं

Railway Exams

- एल्युमिनियम की विशिष्ट ऊष्मा क्षमता है 900 $Jkg^{-1}K^{-1}$
- $CuCl_2$ विलयन का रंग है - नीला-हरा
- निर्जल सोडियम कार्बोनेट को जल में घोलने से धावन सोडा क्रिस्टल बनते हैं - क्रिस्टलीकरण के जल के 10 अणुओं के साथ
- प्लास्टर ऑफ पेरिस किसके गीला करने पर कठोर द्रव्यमान में जम जाता है? - जल के
- बेकिंग सोडा ($NaHCO_3$) का उपयोग किया जाता है - एंटासिड के रूप में
- कार्बन डाइऑक्साइड का उपयोग किया जाता है - अग्निशामक यंत्र के रूप में
- सोडियम हाइड्रॉक्साइड का उपयोग किया जाता है - साबुन, डिटर्जेंट और कागज बनाने में
- लेड (II) नाइट्रेट और पोटैशियम आयोडाइड एक साथ मिलकर - पीले रंग का अवक्षेप बनाते है
- कीड़ों को भगाने के लिए उपयोग किया जाने वाला बिटुमेन प्राप्त किया जाता है - नेफ्थलीन टैबलेट से
- कॉपर सल्फेट के विलयन के संपर्क में आने पर लोहे की कीलों का रंग - भूरा हो जाता है
- शर्ट का दाग हटाने के लिए जिस रसायन का प्रयोग किया जाता है, वह है - सोडियम कार्बोनेट
- सीमेंट उद्योग चूना पत्थर का उपयोग करता है - कच्चे माल के रूप में
- चांदी वायु में काली हो जाती है क्योंकि चांदी वायु में सल्फर के साथ अभिक्रिया करके - सिल्वर सल्फाइड बनाती है
- अम्लीय वर्षा में उपस्थित गैसें हैं - SO_3 , NO , NO_2
- जिंक ऑक्साइड (ZnO) एक - एम्फोटेरिक ऑक्साइड है
- आतिशबाजी में विभिन्न रंग - धातुओं के लवण से प्राप्त होते हैं
- वह धातु जो आतिशबाजी में हरे रंग की उत्पत्ति के लिए जिम्मेदार है, वह है - बेरियम
- ब्लीचिंग पाउडर एक - ऑक्सीकारक है
- जब ऑक्सीजन की आपूर्ति पर्याप्त होती है, तो उत्पन्न लौ का रंग - नीला होता है
- गैस की प्रकृति के आधार पर प्लाज्मा विशेष रंग के साथ चमकता है - फ्लोरोसेंट ट्यूब में
- मैग्नीशियम रिबन को जलाने से सफेद राख उत्पन्न होती है, जो जल में घुलकर - मैग्नीशियम हाइड्रॉक्साइड बनाती है

Police Exams

- बेकिंग पाउडर और बेकिंग सोडा जैसे रासायनिक खमीर द्वारा पके हुए माल को हल्का और हवादार करने के लिए उपयोग की जाने वाली गैस है - कार्बन डाइऑक्साइड (CO_2)
- बेकिंग सोडा का विलयन जिसके साथ हरा रंग उत्पन्न करता है, वह है - चीनी गुलाब
- अमोनिया में नाइट्रोजन और हाइड्रोजन के द्रव्यमान का अनुपात है - 14 : 3
- एक गंधहीन, स्वादहीन और गैर विषैली गैस जो 93.05% मीथेन, नाइट्रोजन, कार्बन डाइऑक्साइड, प्रोपेन और एथेन के अंश से बनी है, वह है - सीएनजी (CNG)
- सड़े हुए अंडे की गंध वाली एक रंगहीन गैस है - H_2S
- तीखी गंध वाली रंगहीन गैसें - SO_2, NH_3
- रासायनिक उर्वरकों में, NPK शब्द है - नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटैशियम
- जल में हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के द्रव्यमान का अनुपात है - 1 : 8
- शुद्ध एवं पीने योग्य जल को कहा जाता है - पेय जल
- कृत्रिम वर्षा कराने के लिए जिन रसायनों का उपयोग किया जाता है, वह हैं - सिल्वर आयोडाइड, पोटैशियम आयोडाइड और शुष्क बर्फ का
- एक यौगिक जो जल के साथ तीव्रता से अभिक्रिया करके कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड का उत्पादन करता है, जिससे बड़ी मात्रा में ऊष्मा मुक्त होती है, वह है - CaO
- दहन के लिए गैस आवश्यक है - ऑक्सीजन
- एक मैग्नीशियम रिबन वायु में जलता है चमकदार - सफेद लौ के साथ
- मोरचा लगने के लिए आवश्यक दो स्थितियाँ हैं - ऑक्सीजन और जल या जल वाष्प की उपस्थिति
- ताज महल पीला हो रहा है - सल्फर डाइऑक्साइड के कारण

Defence Exams

- पृथ्वी की आयु का मापन किया जाता है - यूरेनियम विधि से
- लोहे को जंग से बचाने के लिए जस्ता (जिंक) का प्रयोग किया जाता है क्योंकि जस्ता होता है - लोहे से भी अधिक विद्युतधनात्मक
- हाइड्रोफ्लोरिक अम्ल को कांच की बोतलों में नहीं रखा जाता क्योंकि यह क्रिया करता है - काँच की सिलिकॉन डाइऑक्साइड से
- यूरेनियम के रेडियोधर्मी विघटन का अंतिम उत्पाद है - सीसा
- रेडियोधर्मी पदार्थ उत्सर्जित करते हैं - अल्फा किरणें, बीटा किरणें तथा गामा किरणें
- श्वेत फॉस्फोरस अंधेरे में चमकता है - मन्द ऑक्सीकरण के कारण
- हैलोजन में सर्वाधिक अभिक्रियाशील है - फ्लोरीन
- वह यौगिक जो सफेद ठोस है और जो वायु से जलवाष्प को अवशोषित करता है, वह है - कैल्शियम क्लोराइड

State PCS Exams

- विलयन के प्रति इकाई आयतन या प्रति इकाई द्रव्यमान में उपस्थित विलेय की मात्रा कहलाती है - विलयन की सान्द्रता
- खीरे को काटने के बाद यदि उसमें नमक डाल दिया जाए तो पानी निकल आता है, इसका कारण है - परासरण (ऑस्मोसिस)
- भोजन पकाने में उपयोग की जाने वाली ऊर्जा है - रासायनिक ऊर्जा
- दूध का दही में परिवर्तन, एक प्रकार है - रासायनिक परिवर्तन का
- कार्ट्ज़ एक खनिज है जो बना है - सिलिकॉन डाइऑक्साइड (SiO_2) से

विलयन

SSC Exams

- दो या दो से अधिक तत्वों के एक निश्चित अनुपात के मिश्रण से बने पदार्थ को - यौगिक कहा जाता है
- दूध, फेस क्रीम, मक्खन, तेल और जल, मेयोनिज़ उदाहरण हैं - पायस के
- विलयन, खारा जल, पीतल उदाहरण हैं - समांगी मिश्रण के
- किसी तरल मिश्रण में भारी घटकों के जल के नीचे जमने की प्रक्रिया कहलाती है - अवसादन
- जल, फोम, सूखा पाउडर और गीला रसायन प्रकार हैं - अग्निशामक यंत्र के
- हीमोग्लोबिन लाल रक्त कोशिकाओं के अंदर एक प्रोटीन है जो - ऑक्सीजन वहन करता है
- एक सामान्य फ्लोरोसेंट ट्यूब (प्रदीप्त नलिका) में - पारा का वाष्प होता है
- फोटोग्राफी में सोडियम थायोसल्फेट के उपयोग का कारण उसके - रंग-रूप बनाने की क्षमता है
- स्टार्च का रासायनिक परीक्षण करने के लिए जिस विलयन का उपयोग किया जाता है, वह है - आयोडीन विलयन
- 2.5% H, 39% S, 58.5% O प्रतिशत संघटन हैं - H_2SO_3 के तत्वों की

@anil_pdf

- एक घटना जिसमें द्रव की सतह एक पतली लोचदार शीट के रूप में कार्य करती है - पृष्ठ तनाव
- वह रसायनज्ञ जिसका अनुसंधान पृष्ठ तनाव नामक आधुनिक अवधारणा की स्थापना में मौलिक था - एग्नेस पॉकेल्स
- जल में हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के द्रव्यमान का अनुपात है 1 : 8
- कार्बन डाइऑक्साइड में कार्बन और ऑक्सीजन के द्रव्यमान का अनुपात है 3 : 8
- विलयन के बड़े अवयव को कहते हैं - विलायक
- विलयन के छोटे अवयव को कहते हैं - विलेय
- दो या दो से अधिक पदार्थों का समांगी मिश्रण कहलाता है - विलयन
- 'स्पंज' एक उदाहरण है - फ़ोम का
- चाक पाउडर ($CaCO_3$) अघुलनशील है - जल में
- निलंबन एक - विषमांगी मिश्रण है
- निलंबन के कणों को देखा जा सकता है - नग्न आंखों से
- दूध एक उदाहरण है - पायस का
- दूध में अशुद्धियों को अलग करने के लिए जिस तकनीक का उपयोग किया जाता है, वह है - कॉलम क्रोमैटोग्राफी
- जो पदार्थ भाप में वाष्पशील होते हैं उन्हें जिस तकनीक का उपयोग करके अलग किया जाता है, वह है - भाप आसवन
- ऐसी तकनीकें जिनका उपयोग जल में कुल घुलनशील ठोस पदार्थों (TDS) को अपचयित करने के लिए किया जा सकता है, वे हैं - आयन एक्सचेंज, आसवन
- द्रवों में गैसों की घुलनशीलता बढ़ती है - तापमान में कमी के साथ

Railway Exams

- एक सफेद अवक्षेप बनेगा यदि हम अमोनिया विलयन को घोलते हैं - $AlCl_3$ विलयन के साथ
- जब CO_2 को चूने के जल में प्रवाहित किया जाता है तो जो एक सफेद अवक्षेप बनता है, वह है - $CaCO_3$
- $CaCO_3$ में CO_2 को अधिक मात्रा में प्रवाहित करने पर जो एक घुलनशील यौगिक बनता है, वह है - कैल्शियम बाइकार्बोनेट $\{Ca(HCO_3)_2\}$
- NaOH को विद्युत अपघटन विधि द्वारा तैयार किया जाता है - ब्राइन विलयन की सहायता से
- द्रव परिक्षेपण माध्यम में ठोस परिक्षिप्त प्रावस्था वाला कोलाइड है - सॉल
- प्रकाश की किरण का मार्ग दिखाई देता है - कोलाइडल विलयन के माध्यम से
- अमोनिया में नाइट्रोजन और हाइड्रोजन मौजूद होते हैं 14 : 3 के द्रव्यमान के अनुपात में
- दो या दो से अधिक पदार्थों (विलेय + विलायक) का सजातीय मिश्रण कहलाता है - विलयन
- एल्युमीनियम हाइड्रॉक्साइड $\{Al(OH)_3\}$ - प्रकृति में उभयधर्मी है
- ऐसा विषमांगी मिश्रण, जो अक्षुब्ध छोड़ दिए जाने पर स्थिर नहीं होता है - कोलाइड
- कोलाइड कण प्रदर्शित करते हैं - टिन्डल प्रभाव को
- कोलाइड कण नहीं देखे जा सकते है - नग्न आँखों से
- वह परिघटना जिसके द्वारा कोलॉइडी कण प्रकाश का प्रकीर्णन करते हैं - टिन्डल प्रभाव कहलाता है
- किसी पदार्थ का उच्च सांद्रता वाले क्षेत्र से निम्न सांद्रता वाले क्षेत्र की ओर संचलन, कहलाता है - विसरण
- जल का तापमान बढ़ने से - वाष्पीकरण में वृद्धि होती है
- 250°C पर जल की भौतिक अवस्था है - गैस
- ठोस आयोडीन के उर्ध्वपातन पर बनने वाले वाष्प का रंग - बैंगनी होता है
- जलीय (aq) शब्द तब लिखा जाता है जब अभिकारक या उत्पाद जल में - विलयन के रूप में मौजूद हो
- एक विषमांगी मिश्रण जिसमें विलेय कण विलीन नहीं होते हैं लेकिन अधिकांश माध्यम में निलंबित रहते हैं, उसे कहा जाता है - निलंबन
- वाष्पशील घटक को उसके गैर-वाष्पशील विलेय से पृथक्कृत (अलग) करने के लिए जिस विधि का उपयोग किया जाता है, वह है - वाष्पीकरण
- जल में सोडियम क्लोराइड को उसके विलयन से अलग किया जाता है - वाष्पीकरण द्वारा
- वास्तविक विलयन में विलेय के कणों का व्यास 10^{-9} मीटर से छोटा होता है
- किसी विशिष्ट तापमान पर संतृप्त विलयन में उपस्थित विलेय की मात्रा को कहा जाता है, उसकी - विलेयता
- पृथक्करण फ़नल का उपयोग किया जाता है - अमिश्रणीय तरल पदार्थों के मिश्रण को अलग करने के लिए
- दूध और स्टार्च विलयन प्रदर्शित करते हैं - टिंडल प्रभाव को
- आर्सेनियस सल्फाइड सॉल एक उदाहरण है - कोलाइड्स का
- मिश्रण हो सकता है - समांगी और विषमांगी दोनों
- किसी पदार्थ का सापेक्ष घनत्व होता है $\frac{\text{पदार्थ का घनत्व}}{\text{जल का घनत्व}}$
- CO_2 में कार्बन का प्रतिशत है 27.3%
- पंकिल जल (गंदे जल) से स्वच्छ जल को अलग करने के लिए प्रयोग की जाने वाली विधि है - निस्पंदन

Police Exams

- वायु एक - मिश्रण है
- जल गैस मिश्रण है - $CO + H_2$ का
- "परिणामस्वरूप पदार्थ के गुण उसके घटकों के गुणों से भिन्न होते हैं", यह विशेषता है - यौगिक की
- "एक आदर्श विलयन का वाष्प दाब विलायक के मोल अंश के समानुपाती होता है", को कहा जाता है - राउल्ट का नियम
- 'शीतल पेय और सोडा की बोतलों को CO_2 की घुलनशीलता बढ़ाने के लिए उच्च दाब में सील किया जाता है', यह एक अनुप्रयोग है - हेनरी के नियम का
- किसी विलयन के घटक होते हैं - विलेय और विलायक
- द्रव पदार्थों में गैसों की विलेयता बढ़ती है - तापमान में कमी के साथ
- यौगिकों के पृथक्करण, शुद्धिकरण और परीक्षण के लिए उपयोग की जाने वाली प्रक्रिया कहलाती है - क्रोमैटोग्राफी
- जब जल में लवण को घोला जाता है तो उसका क्वथनांक - बढ़ जाता है
- अमोनिया अत्यंत घुलनशील है - जल में

Defence Exams

- खारे पानी को शुद्ध पानी में परिवर्तित करने की प्रक्रिया को कहते हैं - उत्क्रम परासरण
- पायस (इमल्शन) बना होता है - दो या दो से अधिक प्रकार के तरल पदार्थों से
- एसीटोन और एल्कोहल के मिश्रण को पृथक किया जाता है - प्रभाजी आसवन द्वारा
- चयनात्मक पारगम्य झिल्ली के माध्यम से जल के अणुओं के विसरण को कहा जाता है - परासरण
- किसी द्रव में अविलेय अति सूक्ष्म कणों को द्रव से पृथक करने के लिए उपयोग किया जाता है - अपकेन्द्रीकरण का
- समुद्री जल का विलवणीकरण, उत्क्रमित परासरण के प्रयोग द्वारा किया जाता है विलयन पर प्रयुक्त दाब है - परासरणी दाब से अधिक
- रेत और नैफ्थलीन के मिश्रण को पृथक किया जा सकता है - ऊर्ध्वपातन विधि द्वारा

State PCS Exams

- ताम्र (कॉपर) के विद्युत-अपघटनी परिष्करण में, विद्युत-अपघट्य विलयन है - अम्लीकृत कॉपर सल्फेट का
- जल की ध्रुवीय प्रकृति महत्वपूर्ण है - अच्छे विलायक के लिए
- लोहे की कीलों को नीले कॉपर सल्फेट के घोल में डुबोया जाता है, कुछ समय बाद लोहे की कील - घुल जाती है और नीला रंग विरंजित हो जाता है
- स्वर्णकारो द्वारा प्रयोग में आने वाला एक्वा रेजिया (अम्ल राज) मिश्रण है - नाइट्रिक अम्ल और हाइड्रोक्लोरिक अम्ल का
- लवण जल (ब्राइन) जलीय विलयन है - सोडियम क्लोराइड (NaCl) का
- समपरासरी विलयनों में समान होते हैं, उनके - परासरण दाब
- जल स्रोतों में जल के भौतिक एवं रासायनिक लक्षणों में परिवर्तन होने का कारण है - बहिःस्रावी

दैनिक जीवन में रसायन विज्ञान

SSC Exams

- पोटैशियम मेटाबाइसल्फ़ाइट, सोडियम बेंजोएट, कैल्शियम प्रोपियोनेट, और पोटैशियम सोर्बेट का उपयोग किया जाता है - खाद्य संरक्षकों के रूप में
- वह जल जो साबुन के साथ शीघ्र झाग उत्पन्न नहीं करता - कठोर जल
- जब आपके भोजन पर और उसमें प्रोटीन और शर्करा ऊष्मा से बदल जाते हैं, नए स्वाद, सुगंध और रंग बनाते हैं, कहते है - मैलार्ड अभिक्रिया
- अश्रु गैस का घटक है - क्लोरोपिक्रिन
- मोमबत्तियाँ और सौंदर्य प्रसाधन बनाए जाते हैं - पैराफिन मोम से
- काली मिर्च में पाए जाने वाला रासायनिक यौगिक - पिपेरिन
- इलायची में पाया जाने वाला रासायनिक यौगिक 1, 8-सिनेओल

@apna_pdf

- हल्दी में पाया जाने वाला रासायनिक यौगिक - करक्यूमिनोइड्स।
- लौंग में पाया जाने वाला रासायनिक यौगिक - यूजेनॉल
- चूना पत्थर, चॉक (खड़िया) और संगमरमर विभिन्न रूप हैं - कैल्शियम कार्बोनेट ($CaCO_3$) के
- पीने के पानी के बोतलों और विभिन्न घरेलू वस्तुओं सहित कठोर प्लास्टिक में मौजूद जो रासायनिक यौगिक है, वह है - बिस्फेनॉल A
- कीटनाशक अवशेषों को एक रासायनिक खतरा माना जाता है - खाद्य सामग्रियों में
- सोडियम नाइट्राइट ($NaNO_2$), सिरका (CH_3COOH), सोडियम क्लोराइड (NaCl) - खाद्य परिरक्षक हैं
- वह घटना जिसमें ऑक्सीकरण के कारण तेलयुक्त भोजन का स्वाद और गंध बदल जाता है - विकृतगन्धिता
- जल की कठोरता किस संदर्भ में व्यक्त की जाती है? - ppm (प्रति मिलियन भाग) में
- एस्टर में किस प्रकार की गंध होती है? - फलों के जैसी मीठी गंध
- ऑर्थोक्लेज़ की हाइड्रोलिसिस की प्रक्रिया का उत्पाद क्या है ? - काओलाइट (चीनी मिट्टी)
- वह धात्विक लवण जो जल में स्थायी कठोरता के लिए जिम्मेदार है - $CaCl_2$
- जब एनहाइड्राइट जलयोजन से गुजरता है तो अभिक्रिया का उत्पाद - जिप्सम ($CaSO_4.2H_2O$) होता है
- किण्वन एक प्रक्रिया है शर्करा को - एल्कोहल में विखंडित करने की
- दही, अचार, ब्रेड और अन्य बेकरी उत्पादों के निर्माण में उपयोग की जाने वाली प्रक्रिया है - किण्वन
- एसिटिक अम्ल और जल के संयोजन से बनने वाला उत्पाद है - सिरका
- खाद्य योज्य जो अमिश्रणीय खाद्य सामग्री वाले उत्पादों को एक-दूसरे में संयोजित करने में सहायक होते हैं - खाद्य पायसीकारकों
- सूरजमुखी तेल और तिल के तेल में मिश्रित कर उनकी मात्रा बढ़ाने के लिए किसका उपयोग किया जाता है? - आर्गेमोन तेल का
- एक एस्पार्टिक अम्ल युक्त डाइपेप्टाइड स्वीटनर मधुरक (स्वीटनर) है - एलिटेम
- स्टार्च युक्त खाद्य पदार्थ किसके संपर्क में आने पर नीले-काले रंग में बदल जाते हैं? - आयोडीन के
- तेल का वनस्पति घी में रूपांतरण कहलाता है - हाइड्रोजनीकरण
- वह रासायनिक यौगिक जिसका उपयोग कुछ खाद्य पदार्थों जैसे गेहूं, आटा, खाद्य तेल, अंडे का सफेद भाग आदि में ब्लीचिंग एजेंट के रूप में किया जाता है - हाइड्रोजन परॉक्साइड
- नमकीन पानी में अवायवीय किण्वन या सिरके में विसर्जन द्वारा भोजन को संरक्षित करने की प्रक्रिया को कहा जाता है - पिकलिंग
- अपने आर्द्रताग्राही गुणों के कारण मॉइस्चराइजिंग क्रीम और साबुन में उपयोग किया जाने वाला पदार्थ है - ग्लिसरॉल
- वे रसायन जिसका उपयोग खाद्य पदार्थों में ब्राउनिंग और मलिनीकरण को धीमा करने के लिए परिरक्षक के रूप में किया जाता है - सल्फाइट्स
- फॉस्जीन ($COCl_2$) को कहा जाता है - कार्बोनिल क्लोराइड
- नाइट्रस ऑक्साइड (N_2O) को कहा जाता है - लाफिंग गैस
- सॉस, सलाद ड्रेसिंग और पेय पदार्थों के लिए परिरक्षक के रूप में उपयोग किया जाने वाला सबसे लोकप्रिय योज्य है - सोडियम बेंजोएट (C_6H_5COONa)
- पेपरोनिल, एथिल एसीटेट, ब्यूटिराल्डिहाइड और नाइट्रेट अपमिश्रक हैं, जिनका उपयोग किया जाता है - आइसक्रीम में
- बेन्जेल्डिहाइड में सुगंध होती है - बादाम की
- हैलाइट को आमतौर पर सेंधा नमक के रूप में जाना जाता है, जो खनिज रूप है - सोडियम क्लोराइड का
- लहसुन की विशिष्ट लहसुनयुक्त गंध होती है - सल्फर के कारण
- एथेनोइक अम्ल का दूसरा नाम है - सिरका (CH_3COOH)
- लहसुन, नींबू, शर्करा और सिरके का उपयोग किया जा सकता है - प्राकृतिक खाद्य परिरक्षकों के रूप में
- डिब्बाबंदी के लिए टमाटर, आलू और अन्य फलों और सब्जियों से छिलके निकालने के लिए उपयोग किया जाने वाला यौगिक है - सोडियम हाइड्रॉक्साइड
- सोडियम हाइड्रॉक्साइड (NaOH) को कहा जाता है - कॉस्टिक सोडा या लाइ
- पानी को शुद्ध करने के लिए कीटाणुनाशक के रूप में प्रयोग किया जाने वाला रसायन है - क्लोरीन
- कमरे के तापमान पर क्लोरीन एक - पीली-हरी गैस है
- दंत शल्य चिकित्सा में निश्चेतक के रूप में जिस गैस का उपयोग किया जाता है, वो है - नाइट्रस ऑक्साइड का (N_2O)
- 'शुष्क बर्फ' अन्य नाम है ठोस - कार्बन डाइऑक्साइड का
- फलों को कृत्रिम रूप से पकाने में उपयोग किये जाने वाली गैस है - एसिटिलीन (एथिलीन)
- मोमबत्ती की लौ के पूर्ण दहन के बाह्य क्षेत्र का रंग - नीला होता है
- रात के समय, वृक्ष जो गैस मुक्त करते हैं वो है - कार्बन डाईऑक्साइड
- सिलिकॉन डाइऑक्साइड सबसे अधिक पाया जाता है - रेत में
- मैलिक अम्ल पाया जाता है - सेब में
- टार्टरिक अम्ल पाया जाता है - अंगूर में
- भोजन से प्राप्त ऊर्जा हमारे शरीर में जिस रूप में संग्रहित होती है, वह है - ग्लाइकोजन
- गहरे रंग का अनाकार या अक्रिस्टलीय पदार्थ जो सूक्ष्मजीवी क्रिया के प्रति अत्यधिक प्रतिरोधी होता है, को कहा जाता है - ह्यूमस
- वायुमंडल में सर्वाधिक प्रचुर मात्रा में पाई जाने वाली ग्रीनहाउस गैस है - जल वाष्प
- आमतौर पर फोटोग्राफी में फिक्सिंग एजेंट के रूप में उपयोग किया जाने वाला यौगिक है - सोडियम थायोसल्फेट
- चूना पत्थर जिन चट्टानों के साथ पाये जाते हैं, वह बने होते हैं - कैल्शियम कार्बोनेट से
- बहुत पुरानी वस्तुओं में कार्बन के विभिन्न रूपों की मात्रा को मापकर उनकी आयु की गणना करने की विधि, कहलाती है - कार्बन-14 डेटिंग
- आतिशबाजी के बारूद में प्रयुक्त रसायन होते हैं - पोटेशियम नाइट्रेट, सल्फर और चारकोल
- कैपसीसिन पाया जाता है - मिर्च में
- लेड क्रोमेट जो की विषैला और कैंसरकारक है, जिसके साथ मिलावट के लिए उपयोग किया जाता है, वह है - हल्दी पाउडर
- मोज़रेला, चेडर और कैमेम्बर्ट प्रकार हैं - पनीर के
- करक्यूमिन एक प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला नारंगी / पीला रंगद्रव्य या रंजक है, जो की निकाला गया है - हल्दी से
- वह रासायनिक यौगिक जिसका उपयोग यीस्ट डी-फोमिंग एजेंट के रूप में किया जाता है, जो आमतौर पर मक्खन, मांस, अनाज, च्यूइंग गम, बेक्ड सामान, स्नैक फूड्स, निर्जलित आलू और बीयर में पाया जाता है - ब्यूटाइलेटेड हाइड्रोक्सीएनिसोल
- बेन्जीन हेक्साक्लोराइड ($C_6H_6Cl_6$) को आमतौर पर उपयोग किया जाता है - कीटनाशक और कवकनाशी के रूप में
- 72°C पर दूध को 15 से 30 सेकंड तक उबालने की प्रक्रिया की जाती है - पाश्चुरीकरण में
- यूजेनॉल प्रमुख घटक है - लौंग के तेल का
- आलू में मौजूद स्टार्च आयोडीन के साथ अभिक्रिया करके - नीले रंग में बदल जाता है
- कोबाल्ट का वह समस्थानिक जिसका उपयोग कैंसर के उपचार में किया जाता है - कोबाल्ट - 60
- अपच से राहत पाने के लिए उपयोग किया जाने वाला एक पदार्थ है - एंटासिड
- वह रसायन जिसके कारण पत्तियों, फूलों, सब्जियों और फलों में लाल, नीला, बैंगनी रंग होता है, वह है - एंथोसायनिन
- एंथोसायनिन पाया जाता है - लाल पत्तागोभी में
- साबुन, रेयान, कागज, विस्फोटक, रंजक और पेट्रोलियम उत्पादों के निर्माण में उपयोग किया जाने वाला अकार्बनिक यौगिक है - NaOH
- एक प्रभावशाली एंटीऑक्सीडेंट जो हमारे मस्तिष्क, त्वचा, फेफड़ों और आंखों के स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है, वह है - बीटा-कैरोटीन
- पौधों और फलों, विशेष रूप से गाजर और रंगीन सब्जियों में पाया जाने वाला लाल-नारंगी वर्णक या पिगमेन्ट है - बीटा-कैरोटीन
- आहार पूरक, समुद्री भोजन, मसालों, ब्रीथ फ्रेशनर, मिठाई में उपयोग किया जाने वाला जो एक कृत्रिम रंग एजेंट है, वो है - क्विनोलिन येलो
- शर्करा को गर्म करने की वो प्रक्रिया, जिससे यह विखंडित होकर एक विशिष्ट भूरा रंग और समृद्ध स्वाद विकसित करती है, कहलाती है - केरामेलीकरण
- ऊष्मा के माध्यम से स्टार्च का डेक्सट्रिन में विखंडित होना, जिसके परिणामस्वरूप रंग में बदलाव होना और एक विशिष्ट स्वाद का विकास होना, कहलाता है - डेक्सट्रिनीकरण
- वह प्रक्रिया जिसमें स्टार्च के दाने पानी को अवशोषित करते हैं, फूलते हैं और अंततः फट जाते हैं, जिससे एक तरल पदार्थ गाढ़ा हो जाता है, कहलाता है - जिलेटिनीकरण
- एक ऐसी कार्बनिक रासायनिक अभिक्रिया जिसमें अपचायक शर्करा अमीनो एसिड के साथ अभिक्रिया करके यौगिकों का एक जटिल मिश्रण बनाती है, कहलाती है - मेलार्ड अभिक्रिया
- वह खनिज जिससे टाइटेनियम डाइऑक्साइड प्राप्त होता है, वो है - इल्मेनाइट
- वह रसायन जो टूथपेस्ट में सफेद रंगद्रव्य के रूप में प्रयोग किया जाता है, वो है

@anna_pdf

- टाइटेनियम डाइऑक्साइड
- नींबू के रस में होता है - सिट्रिक अम्ल
- एप्सम लवण का बना होता है - मैग्नीशियम, सल्फर और ऑक्सीजन से
- पोटाश एलम जिस नाम से जाना जाता है, वो है - पोटैशियम एल्युमीनियम सल्फेट
- ग्लौबर का नमक डेकाहाइड्रेट रूप है - सोडियम सल्फेट का
- वो रसायन जो मांसपेशियों को आराम देने और कंधे, गर्दन, पीठ और खोपड़ी के दर्द को दूर करने के लिए डिटॉक्स बाथ में इस्तेमाल किया जाता है - एप्सम लवण
- अमोनिया का व्यवस्थित नाम - नाइट्रोजन ट्राइहाइड्राइड है
- वह गैस जिसका व्यापक रूप से कई औद्योगिक प्रक्रियाओं में और उर्वरक तथा रेफ्रिजरेंट के रूप में उपयोग किया जाता है - अमोनिया
- एथेनोइक अम्ल (CH_3COOH) का उपयोग मुख्य रूप से जिनके निर्माण के लिए किया जाता है, वह हैं - स्याही और रंजक
- मिलावट के लिए सॉ-डस्ट (लकड़ी का बुरादा) का उपयोग किया जाता है - धनिया पाउडर में
- कपास से बीज और मलबे को हटाने की प्रक्रिया, कहलाती है - जिनिंग
- वह तत्व जो आंतरिक दहन इंजन और रिफाइनरियों के हिस्सों में संक्षारण का कारण बन सकता है, वह है - सल्फर
- सार्वजनिक जल आपूर्ति में जल फ्लोराइडेशन किया जाता है - दांतों में सड़न रोकने के लिए
- यूरिया, आमतौर पर इस्तेमाल किया जाने वाला नाइट्रोजन आधारित उर्वरक, जिनके बीच अभिक्रिया से तैयार किया जाता है, वह हैं अमोनिया और - कार्बन डाइऑक्साइड
- जल उपचार के ऊर्णन विधि में, जो रसायन जल में मिलाया जाता है, वह है - धनावेशित रसायन
- जल उपचार में प्रयुक्त होने वाले रासायनिक स्कंदक हैं PAC (पॉलीएल्यूमिनियम क्लोराइड), फिटकरी, $AlCl_3$
- अम्लीय ड्रेन क्लीनर जिनसे बना होता है, वह है - सल्फ्यूरिक अम्ल या हाइड्रोक्लोरिक अम्ल
- वसा, ग्रीस और तेल जैसे ठोस पदार्थ जो तरल अपशिष्ट जल के ऊपर तैरते हैं, कहलाते हैं - आपंक (Sludge)
- अग्निशामकों को आग से बचाने के लिए, अग्निशामकों की वर्दी पर जिसकी कोटिंग होती है, वह है - मेलामाइन प्लास्टिक
- एलिसिन एक सक्रिय सल्फर युक्त यौगिक है जो मौजूद होता है - लहसुन और प्याज में
- सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट का उपयोग किया जाता है - सोडा-एसिड अग्निशामक यंत्र में
- नाइट्रोजन, हीलियम, नियॉन, आर्गन, क्रिप्टॉन गैसें उपयोग की जाती हैं - विद्युत बल्बों में
- सफेदी दीवारों पर जिस यौगिक के बनने के कारण दीवारें तीन-चार दिन बाद चमकदार दिखने लगती हैं, वह यौगिक है - कैल्शियम कार्बोनेट
- बैटरियों में निहित अम्ल होता है - सल्फ्यूरिक अम्ल
- सिलिका, चूना पत्थर, एल्युमीनियम ऑक्साइड का उपयोग जिसके निर्माण में किया जाता है, वह है - टूथपेस्ट
- गैलेना को कहा जाता है - लेड ग्लांस
- सोना और चाँदी को शुद्ध किया जाता है - नाइट्रिक अम्ल द्वारा
- माइलर्ड अभिक्रियाएं होती हैं - मांस पकाने के दौरान
- शराब में फाइनिंग एजेंट के रूप में उपयोग किया जाने वाला पदार्थ है - जिलेटिन
- सिंथेज़ एंजाइम प्याज के अमीनो अम्ल सल्फ़ोक्साइड को परिवर्तित करता है -सल्फेनिक अम्ल में
- वायुमंडल के उच्च स्तर पर ओजोन पराबैंगनी विकिरण का एक उत्पाद है जो प्रभावित करता है - ऑक्सीजन अणुओं को
- श्वसन के दौरान, सजीव ग्रहण करते हैं - ऑक्सीजन

Railway Exams

- ग्लिसरीन, उपोत्पाद या सह-उत्पाद है - साबुन का
- साबुन के अणु में - एक जलस्नेही शीर्ष और एक जलविरागी पुच्छ होता है
- वसायुक्त अम्ल जो साबुन बनाते हैं, वह हैं - ओलिक अम्ल , पामिटिक अम्ल , स्टीयरिक अम्ल
- साबुन सोडियम या पोटेशियम लवण हैं - दीर्घ श्रृंखला कार्बोक्जिलिक अम्ल के
- बेकिंग पाउडर में मौजूद तत्व हैं - सोडियम, हाइड्रोजन, कार्बन और ऑक्सीजन
- काले और सफेद फोटोग्राफी में प्रयुक्त यौगिक हैं - सिल्वर क्लोराइड और सिल्वर ब्रोमाइड
- जिप्सम को गर्म करने से - प्लास्टर ऑफ पेरिस प्राप्त होता है
- एक सफेद पाउडर जिसका उपयोग अग्निरोधक सामग्री के रूप में किया जाता है - प्लास्टर ऑफ पेरिस
- ब्लीचिंग पाउडर का उपयोग किया जाता है - सोडा-एसिड अग्निशामक यंत्रों में
- ब्लीचिंग पाउडर का उपयोग किया जाता है -पेयजल को शुद्ध करने के लिए
- जिप्सम का रासायनिक सूत्र है - $CaSO_4.2H_2O$
- ब्लू विट्रियॉल का रासायनिक सूत्र है - $CuSO_4.5H_2O$
- प्लास्टर ऑफ पेरिस का रासायनिक सूत्र है - $CaSO_4.½H_2O$
- ब्लीचिंग पाउडर का उपयोग किया जाता है - ऑक्सीकरण के रूप में
- कास्टिक सोडा का उपयोग किया जाता है - डिटर्जेंट और कपड़ा उद्योग में
- कुछ खाद्य पदार्थों को शीघ्रता से पकाने के लिए हम उपयोग कर सकते हैं - बेकिंग पाउडर का
- चोट के उपचार में मदद करने वाले ब्रह्म कमल फूल में - एंटीसेप्टिक गुण होते हैं
- कांच के निर्माण में उपयोग किया जाने वाला धावन सोडा एक - पारदर्शी क्रिस्टलीय ठोस है
- सजावट के लिए खिलौनों की सामग्री बनाने तथा सतहों को चिकना बनाने के लिए प्रयुक्त सामग्री है - प्लास्टर ऑफ पेरिस
- बेकिंग सोडा का रासायनिक सूत्र है - $NaHCO_3$ (सोडियम बाइकार्बोनेट)
- प्रत्येक कार्बन परमाणु एक ही तल में तीन अन्य कार्बन परमाणुओं से बंधे होते है जो षट्कोणीय सारणी प्रदान करते है - ग्रेफाइट में
- वाशिंग सोडा का उपयोग किया जाता है - कांच, साबुन और कागज के निर्माण में
- वाशिंग सोडा का उपयोग किया जाता है - जल की स्थायी कठोरता को दूर करने के लिए
- बेकिंग सोडा तैयार करने के लिए उपयोग किया जाने वाले कच्चे माल हैं - साधारण नमक, कार्बन डाइऑक्साइड और अमोनिया
- बेकिंग पाउडर मिश्रण है - बेकिंग सोडा और मृदु (हल्का) खाद्य अम्ल का
- कपड़ों का रंग फीका करने वाला रसायन है - ब्लीचिंग पाउडर
- टूथपेस्ट की प्रकृति - क्षारीय होती है
- कैल्शियम सल्फेट डाइहाइड्रेट से बना एक नरम निर्जलित प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला खनिज है - जिप्सम
- दीवारों और छतों को ढंकने के लिए वॉलबोर्ड के निर्माण के लिए व्यापक रूप से उपयोग किया जाने वाला खनिज है - जिप्सम
- मैग्नीशियम हाइड्रॉक्साइड $Mg(OH)_2$ का उपयोग किया जाता है - एंटासिड के रूप में
- वाशिंग सोडा का उपयोग किया जाता है - बोरेक्स के निर्माण में
- वाशिंग सोडा एक - क्षारीय लवण है
- कैल्शियम ऑक्साइड (CaO) का उपयोग किया जाता है - सीमेंट के निर्माण में
- बेकिंग पाउडर को गर्म करके बनाया जाता है - कार्बन डाइऑक्साइड और सोडियम कार्बोनेट
- चींटी के काटने पर निकलने वाले फॉर्मिक अम्ल के प्रभाव को उदासीन करने के लिए उपयोग किया जाता है - सोडियम बाइकार्बोनेट का
- दीवारों की सफेदी करने के 2 से 3 दिन बाद जो यौगिक दीवारों को चमकदार बनाता है, वह है - कैल्शियम कार्बोनेट
- वाशिंग सोडा का रासायनिक गुण - प्रकृति में उभयधर्मी है
- वाशिंग सोडा तैयार किया जाता है - Na_2CO_3 के पुनः क्रिस्टलीकरण की प्रक्रिया द्वारा
- ओजोन के एक अणु में मौजूद ऑक्सीजन परमाणुओं की संख्या - तीन होती है
- रेफ्रिजरेंट में - क्लोरोफ्लोरोकार्बन (CFC) होता है
- बायोगैस एक उत्कृष्ट ईंधन है क्योंकि इसमें 75% तक - मीथेन गैस होती है
- गुब्बारे उड़ाने के लिए उपयोग की जाने वाली हल्की एवं अज्वलनशील गैस है - हीलियम
- फिटकरी का उपयोग किया जाता है - जल के शुद्धिकरण में
- पानी के पाइप के निर्माण में उपयोग किया जाने वाला पॉलिमर है - पॉलीविनाइल क्लोराइड (PVC)
- खाद्य पदार्थ के डिब्बों पर जिंक के बजाय टिन का लेप लगाया जाता है क्योंकि - टिन की अपेक्षा जिंक अधिक अभिक्रियाशील है
- कफ सिरप, मादक पेय और पेंट में जिस रसायन का उपयोग किया जाता है, वह है - एथेनॉल
- बासी मक्खन में दुर्गंध होती है - ब्यूटिरिक एसिड ($C_4H_8O_2$) के कारण
- जिस पॉलिएस्टर का उपयोग बोतलों और बर्तनों को बनाने में किया जाता है, वह है - पॉलीइथाइलीन टेरेफ्थेलेट
- विद्युत स्विच बनाने में जिस पॉलिमर का उपयोग किया जाता है, वह है - बैकेलाइट
- फलों की सुगंध का कारण - एस्टर की उपस्थिति है
- रसोई के बर्तनों पर नॉन-स्टिक कोटिंग के लिए उपयुक्त प्लास्टिक है - टेफ्लॉन

@apna_pdf

- विद्युत बल्ब सामान्यतः रासायनिक रूप से अक्रिय - नाइट्रोजन और आर्गन गैसों से भरे होते हैं
- खाद्य पदार्थों को ऑक्सीकृत होने से रोकने के लिए किस गैस का उपयोग किया जाता है? - नाइट्रोजन का
- ब्रेड या केक को फुलाने, नरम और स्पंजी बनाने वाली गैस है - कार्बन डाइऑक्साइड
- एथेनॉल का उपयोग किया जाता है - टिंक्चर आयोडीन बनाने में
- एथेनॉल को विकृतीकृत किया जाता है - पीने हेतु अनुपयुक्त बनाने के लिए
- एसिटिक अम्ल का उपयोग किया जाता है - सिरका बनाने में
- बेकिंग पाउडर मिश्रण है - सोडियम बाइकार्बोनेट और टार्टरिक अम्ल का

Police Exams

- जिनकी उपस्थिति के कारण कठोर जल को कठोर जल कहा जाता है, वह हैं - कैल्शियम और मैग्नीशियम के लवण
- जल में क्लोरीन की गोलियां या ब्लीचिंग पाउडर मिलाने की प्रक्रिया कहलाती है - क्लोरीनीकरण
- 60 मिलीग्राम प्रति लीटर से कम सांद्रता पर कैल्शियम कार्बोनेट युक्त जल को सामान्यतः - मृदु जल माना जाता है
- सोडा लाइम मिश्रण है - NaOH और $Ca(OH)_2$ का
- साबुन के अणुओं में एक सिरा जलस्नेही (हाइड्रोफिलिक) तथा दूसरा - जलविरागी (हाइड्रोफोबिक) होता है
- आतिशबाजियों के बारूद में व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले रसायन हैं - पोटैशियम नाइट्रेट, सल्फर और चारकोल
- लेड क्रोमेट, जो विषैला और कैंसरकारी होता है, का उपयोग किसके मिलावट के लिए किया जाता है? - हल्दी पाउडर के
- पार्टी में गुब्बारों को फुलाने के लिए जिस अक्रिय गैस का उपयोग किया जाता है, वह है - हीलियम
- सोडियम मेटाबाइसल्फाइट, बेंजोइक अम्ल, सोडियम बेंजोएट का उपयोग किया जाता है - खाद्य संरक्षक के रूप में
- जल की स्थायी कठोरता को दूर करने के लिए उपयोग किया जाता हैं - सोडियम कार्बोनेट का
- विद्युत नियंत्रित विज्ञापन साइनबोर्ड में प्रयुक्त होने वाली गैस है - नियॉन
- मधुमक्खी के डंक को बेअसर करने में सहायता करने वाला एक रसोई उत्पाद है - बेकिंग सोडा
- वह पदार्थ जिसका उपयोग ब्लीचिंग में क्लोरीन के विकल्प के रूप में किया जाता है - हाइड्रोजन पेरॉक्साइड
- पालक में होता है - ऑक्सैलिक अम्ल
- अग्नि उत्पन्न करने के लिए आवश्यक आवश्यकताएँ है - ईंधन, वायु और ऊष्मा
- रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशनर (AC) और एयरोसोल स्प्रे में प्रयुक्त रसायन जो वायु प्रदूषक बनाते हैं, वह है - क्लोरोफ्लोरोकार्बन
- वनस्पति घी, सामान्यतः एक प्रक्रिया के माध्यम से बनाया जाता है जिसे कहा जाता है - हाइड्रोजनीकरण

Defence Exams

- कटे हुए सेब का भूरापन कम किया जा सकता है - नींबू के रस का उपयोग करके
